राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 361
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 12 जुलाई 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 ओयो होटल में कमरा बुक कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे निकालने वाले गैंग के दो अभियुक्त गिरफ्तार

पेज 5 बदायूं में ईद पर बेचने को काटा गोवंश, छह गिरफ्तार , एक क्विंटल मांस समेत वध करने के उपकरण बरामद, दो बाइकें

पेज 7 श्रीलंका : प्रदर्शनकारियों ने रखी शर्त– बताया कब छोड़ेंगे राष्ट्रपति भवन, पीएम आवास

# देश के 25 राज्यों में बारिश

## एमपी के 33 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट; गुजरात के 6 जिलों में बाढ़, राजस्थान-महाराष्ट्र में भी चेतावनी

नई दिल्ली। असम, गुजरात और महाराष्ट्र के बाद अब मध्यप्रदेश में भी भारी बारिश का हाई अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर और जबलपुर समेत 33 जिलों में भारी बारिश के पूरे आसार हैं। बीते दो-तीन दिनों से राज्य में रुक-रुक तेज बारिश हो रही है।

उधर, तेलंगाना में गोदावरी नदी ने दूसरे खतरनाक स्तर के निशान को पार कर लिया है। वाटर लेवल 50.4 फीट तक पहुंच गया है, जिससे भद्राचलम में बाढ़ आने की आशंका जताई जा रही है। कर्नाटक में भी हाई अलर्ट है।

दिल्ली-एनसीआर और मध्यप्रदेश में सोमवार को बारिश हुई तो वहीं, राजस्थान में अगले दो दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उधर, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के कई इलाके अभी बारिश को तरस रहे हैं, यहां 4 दिन बाद बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है।



### गुजरात: अगले पांच दिन तक भारी बारिश का अलर्ट, तीन हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू

गुजरात के दक्षिण और मध्य के 6 जिले छोटा उदेपुर, डांग, नर्मदा, वलसाड, नवसारी और पंचमहाल में बाढ़ के कारण स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा नवसारी और वलसाड जिले प्रभावित हुए हैं।

गुजरात के खेड़ा जिले के नडियाद शहर में एक 80 साल के बुजुर्ग की घर में भरे पानी में डूबकर मौत हो गई। बुजुर्ग के घर में 3-4 फीट तक पानी भरा था, वो फिसल के गिरे और उठ नहीं सके। घर में अकेले होने की वजह से उन्हें मदद नहीं मिल सकी।

### महाराष्ट्र के नासिक में अगले तीन दिनों तक होगी बारिश

महाराष्ट्र के नासिक में गंगापुर बांध में तीन बार पानी छोड़ा गया। इससे नदी में बाढ़ आ गई। आसपास के घरों, दुकानों और मंदिरों में पानी भर गया। नासिक-सूरत मार्ग बंद करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक भारी बारिश होगी।

एक जून से अब तक बारिश और बाढ़ से हुए हादसों में 76 लोगों की जान जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में ही 9 लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र के रत्नागिरि समेत 4 जिलों में ऑरेंज और 8 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### मध्य प्रदेश: 24 घंटे में 5 इंच बारिश, फ्लाइट्स पर पड़ा असर

भोपाल में पिछले 24 घंटे में 5 इंच पानी गिरा। पूरे प्रदेश के हालात देखें तो नर्मदापुरम में तवा डेम का जलस्तर 3 फीट तक बढ़ गया। नर्मदा के जलस्तर में भी दो से ढाई फीट की बढ़त हुई है। विदिशा में 24 घंटे में 8 इंच बारिश होने के कारण प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी कर दी है। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश छिंदवाड़ा के सौसर में हुई। यहां 9 इंच पानी गिरा है। छिंदवाड़ा में 2 इंच बारिश हुई। राजस्थान के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई। कोटा, बारां, झालावाड़ और बूंदी में तेज बारिश के बाद प्रदेश की नदियां उफान पर हैं। चंबल में ज्यादा पानी आने से बांधों के गेट खोलने पड़े हैं।

### उत्तर प्रदेश : बारिश का इंतजार, 40 डिग्री सेल्सियस के पार

**उत्तर प्रदेश में जून के आखिरी हफ्ते में मानसून ने दस्तक दी थी, लेकिन एक-दो दिन की बारिश के बाद बादल नहीं लौटे। उमस और तेज धूप से लखनऊ समेत पूरे यूपी के लोग परेशान हैं। सोमवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। एक-दो दिन में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।**




सोमवार को नई दिल्ली में नई संसद भवन में राष्ट्रीय प्रतीक के अनावरण समारोह में प्रधानमंत्री।

# ईडी ने सोनिया गांधी को फिर जारी किया समन, नेशनल हेराल्ड मामले में 21 जुलाई को होगी पूछताछ

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को नया समन जारी किया है। अब ईडी ने सोनिया गांधी को 21 जुलाई को पेश होने को कहा है। इससे पहले जब ईडी ने समन जारी किया था तो स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए सोनिया गांधी ने इसे पोस्टपोन करने का निवेदन किया था। सोनिया गांधी का निवेदन स्वीकार करते हुए ईडी ने पूछताछ की



तारीख जुलाई के आखिरी सप्ताह बढ़ाने की बात कही थी। 75 वर्षीय सोनिया गांधी ने ईडी को पत्र लिखकर कहा था कि डॉक्टरों ने उन्हें घर पर ही कुछ समय तक रेस्ट करने को कहा था। बता दें कि सोनिया गांधी कोरोना से संक्रमित हो गई थीं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पहले उन्हें 23 जून को ईडी के सामने पेश होना था। वहीं राहुल गांधी इसी मामले में ईडी के दफ्तर में कई दिनों तक पेश हुए थे। राहुल गांधी की पेशी के विरोध में कांग्रेस नेता सड़क पर भी उतर आए थे और उन्होंने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और इनका इस्तेमाल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कर रही है।

# पंजाब में ड्रग्स पर पुलिस का बड़ा एक्शन एक हफ्ते में 676 नशा तस्कर पकड़े

चंडीगढ़। पंजाब में ड्रग्स के खिलाफ पुलिस ने बड़ा एक्शन शुरू कर दिया है। पिछले एक हफ्ते में पुलिस ने पंजाब से 678 नशा तस्कर और सप्लायर पकड़े हैं। नशे के खिलाफ सख्ती रहे, इसके लिए हर हफ्ते पुलिस कमिश्नर और SSP की परफार्मेंस रिव्यू होगी। जिसके इलाके में नशा नहीं पकड़ा जा रहा, उन पर इससे कार्रवाई का दबाव बनेगा।

सोमवार को पंजाब पुलिस के चंडीगढ़ स्थित हेडक्वार्टर में द्धत्व डॉ. सुखचैन सिंह गिल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब हर सोमवार को वह प्रेस



कान्फ्रेंस के जरिए नशे के खिलाफ कार्रवाई और पंजाब पुलिस से जुड़े दूसरे सवालों का जवाब देंगे।

### एक हफ्ते में यह बरामदगी

IG डॉ. सुखनैन सिंह गिल ने बताया कि पिछले एक हफ्ते में पंजाब से 5.57 किलो हेरोइन, 17 किलो अफीम, 25 किलो गांजा, 7 क्विंटल भुक्की और 2.25 लाख नशीली दवाईयां पकड़ी गई।

### अब जेएंडके से हो रही ज्यादा स्मगलिंग

IG डॉ. गिल ने कहा कि नशे को लेकर अब नया ट्रेंड सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि अब नशा तस्करी और खासकर भुक्की जम्मू कश्मीर से आ रही है। इसके अलावा कई राज्यों से अफीम पंजाब लाई जा रही है। जिसको लेकर पुलिस पूरी प्लानिंग के साथ तस्करों को पकड़ने की रणनीति बना चुकी है।

# संसदीय समिति में कांग्रेस ने किया अग्निपथ का विरोध

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अग्निपथ योजना देश की सीमाओं की सुरक्षा तथा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है इसलिए सरकार को इस योजना को तत्काल वापस लेना चाहिए। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य तथा रक्षा संबंधी परामर्श समिति के सदस्य शक्ति सिंह गोहिल ने सोमवार को समिति की बैठक में अग्निपथ पर चर्चा के दौरान कांग्रेस का पक्ष रखते हुए कहा कि यह योजना देश के लिए खतरनाक है और यही बात खुद सेना में परमवीर चक्र प्राप्त कैप्टन बाना सिंह भी कह रहे हैं जिन्हें देश सियाचीन के हीरो के नाम से पहचानता है।

# सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की सीबीआई जांच नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशन की सुनवाई से इनकार किया; केस को सियासी रंग न देने की नसीहत

चंडीगढ़। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की केंद्रीय जांच एजेंसी जांच नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब पुलिस इसकी जांच कर रही है। वह सही दिशा में चल रही है। इसलिए सीबीआई जांच की जरूरत नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशन करने वाले नेता के वकील को पूछा कि उनका क्या इंटरेस्ट है तो उन्होंने बताया कि जगजीत मिल्खा नेता हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि मूसेवाला हत्याकांड को



राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आगे की सुनवाई से इनकार कर दिया। मानसा के भाजपा नेता जगजीत मिल्खा ने यह याचिका दायर की है।

### मूसेवाला के पिता भी उठा चुके सवाल

सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह भी जांच पर सवाल उठा चुके हैं। उनका कहना है कि मूसेवाला को कत्ल करवाने वाले 2 पापी अभी तक कानूनी शिकंजे में नहीं आए। हत्या के बाद भी उन्होंने इसकी हाईकोर्ट जस्टिस से जांच की मांग की थी। जिसमें CBI और NIA भी मदद करे। केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग को लेकर वह चंडीगढ़ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मिले थे।

### पंजाब पुलिस से तेज कार्रवाई कर रही दिल्ली पुलिस

मूसेवाला हत्याकांड की जांच में पंजाब पुलिस को ज्यादा कामयाबी नहीं मिल रही। पंजाब पुलिस ने हत्याकांड में मदद करने वाले 14 लोग जरूर पकड़े हैं लेकिन कोई शार्पशूटर नहीं पकड़ पाई। इसके उलट दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने 3 शार्प शूटर प्रियवर्त फौजी, अंकित सेरसा और कशिश उर्फ कुलदीप को पकड़ लिया। पंजाब पुलिस उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ करने तक सीमित है।

# कोविड-19 : बीते 24 घंटो में 16,248 नए केस

## सर्वे में पता चला- 70 प्रतिशत बुजुर्ग कोरोना में रहे परेशान, नहीं मिली जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं

नई दिल्ली। देश में रोजाना कोरोना के नए मामलों में मामूली कमी जारी है। रविवार को 16,248 नए केस दर्ज किए गए। पिछले दिन की तुलना में, 1528 केस कम मिले। एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 1 लाख 29 हजार 141 हो गई है। कोरोना से मरने वालों की संख्या, 24 घंटों में 41 से घटकर 25 हो गई है।

### कोरोना में बुजुर्गों की चिंता बढ़ी

कोरोना महामारी के दौरान लगभग 70 प्रतिशत सीनियर सिटीजन्स को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलीं। इस दौरान 57 प्रतिशत को मेंटल हेल्थ समस्याओं का सामना करना पड़ा। 53 प्रतिशत लोगों ने कहा कि बीमारी को



लेकर उनकी चिंताओं में कोरोना महामारी भी शामिल थी। मैक्स ग्रुप की फर्म अंतरा के एक सर्वे में यह बात सामने आई है। अर्बन इलाकों पर किए एक सर्वे में कंपनी ने 60 साल और उससे अधिक उम्र के 2,100 लोगों की राय मालूम की। यह सर्वे मार्च से मई के दौरान किया गया था।

सर्वे में लगभग 72 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने महामारी से बचने के लिए अपना ख्याल खुद रखने और संतुलित आहार का विकल्प चुना। 55 प्रतिशत ने डॉक्टर की सलाह लेने के बजाय घरेलू इलाज पर भरोसा किया।

कोविड-19 को लेकर सरकार की तैयारियों पर सर्वे में 59 प्रतिशत ने कहा कि कुछ पहलुओं को सरकार अच्छी तरह मैनेज करने में सफल रही। 2020 के सर्वे में इस बात पर सहमत होने वाले लोगों की संख्या सिर्फ 23 प्रतिशत थी। करीब 33त्न ने कहा, सरकार ने जो आम लोगों को एहतियात बरतने के उपाय बताए थे वह काफी नहीं थे। यह राय जताने वालों की संख्या 2020 के सर्वे में 77 प्रतिशत के स्तर पर थी। सिर्फ 8 प्रतिशत ने ही कहा कि ज्यादातर चुनौतियों को मैनेज करने में सरकार नाकाम रही।

सर्वे के निष्कर्ष पर अंतरा के एमडी रजित मेहता ने कहा, यह सर्वे हमारे बुजुर्गों की जरूरतों और मांगों का आकलन करने में मदद करेगा। उनकी पसंद, चिंताओं और आकांक्षाओं में विकास को समझने में मदद करेगा। सर्वे में लोगों ने अलग असिस्टेड लिविंग फैसिलिटी को पसंद किया। 64 प्रतिशत ने कहा कि ऐसी सुविधा का लाभ उठाना पसंद करेंगे। 44 प्रतिशत ने कहा, इससे उन्हें अपने जैसी राय रखने वाले लोगों के साथ रहने का मौका मिलेगा।

### केरल नहीं, पश्चिम बंगाल टॉप पर

राज्यों की बात करें तो, कोरोना के सबसे अधिक नए मामले पश्चिम बंगाल से आए। रविवार के आंकड़ों में, देश में सबसे ज्यादा 2962 मामले पश्चिम बंगाल से आ रहे हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल में नए केस में न बढावा हुआ न गिरावट देखी गई।

# जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में 2 आतंकी ढेर

## जैश का आतंकवादी कैसर कोका भी मारा गया, अमेरिकी राइफल समेत गोला-बारूद बरामद

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों में से एक जैश-ए-मोहम्मद का आतंकवादी कैसर कोका है। दूसरे आतंकी की शिनाख्त की जा रही है। मारे गए आतंकियों के पास से अमेरिका में बनी एक राइफल (रू-4 कार्बाइन), एक पिस्तौल, गोला-बारूद समेत अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। आतंकी कैसर कोका 2018 से इस इलाके में एक्टिव था।

ADGP कश्मीर ने बताया कि सुरक्षाबलों को सुबह इस इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर ऑपरेशन शुरू किया। आतंकियों को सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू



कर दी। जवाबी गोलीबारी में दो आतंकी मारे गए। सोमवार दोपहर तक दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग जारी थी। सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### इस साल अब तक 125 आतंकी ढेर

जम्मू-कश्मीर में इस साल 55 मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें 125 आतंकी मारे गए हैं। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी शहीद हो गए, जबकि 20 आम नागरिकों की भी मौत हुई। इस साल आतंकियों ने 8 ग्रेनेड हमले किए। पिछले साल यानी 2021 में घाटी में 146 आतंकी मारे गए थे।

### 4 साल में 700 आतंकियों की भर्ती

पिछले 4 साल में जम्मू कश्मीर में 700 युवा आतंकी संगठनों में शामिल हुए हैं। 2018 में 187 युवा आतंकी बने, 2019 में 121, 2020 में 181 और 2021 में 142 युवा आतंकी संगठनों में भर्ती हुए।

# कर्नाटक हाई कोर्ट के जज ने राज्य सरकार को दिया निर्देश, भ्रष्टाचारियों की नियुक्ति न करें

बेंगलुरु। कर्नाटक हाई कोर्ट के जज एचपी संदेश ने जो ट्रांसफर की धमकियों को लेकर मौखिक टिप्पणी की थी। अब उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए इस ऑन द रेकॉर्ड ले आए हैं। जस्टिस संदेश ने कहा था कि एंटी करप्शन ब्यूरो और एडीजीपी को लेकर की गईं टिप्पणियों को लेकर उन्हें ट्रांसफर की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने एसीबी को भ्रष्टाचार का केंद्र बताया था। जस्टिस एचपी संदेश ने एक अंतरिम आदेश जारी करते हुए कर्नाटक के मुख्य सचिव और डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनेल ऐंड एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि ऐसे अधिकारियों की नियुक्ति न की जाए जो सार्वजनिक हित के बीच में अड़ंगा लगाएं। ऐसे पद पर



किसी भी शख्स को नियुक्त करते हुए उसकी विश्वसनीयता का ध्यान रखा जाए ताकि संस्थान की गरिमा बनी रहे।

कोर्ट ने एसीबी हेड एडीजीपी सीमांत कुमार सिंह के सर्विस रेकॉर्ड का जिक्र करते हुए यह आदेश जारी किया है। इस निर्देश में कहा गया है कि सीमांत कुमार सिंह पर अवैध खनन रैकेट 2009-10 के मामले में सीबीआई जांच भी हो चुकी है। तब वह कर्नाटक के बेल्लारी जिले में एसपी थे। बता दें कि जस्टिस संदेश ने 4 जुलाई को कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा था कि उन्हें ट्रांसफर की धमकी दी गई है। अब उन्होंने लिखित आदेश में कहा कि उनके साथी जज ने 1 जुलाी को पूर्व जज की विदाई पार्टी के दौरान उनको चेतावनी के बारे में संकेत दिया था। जस्टिस संदेश के मुताबिक एक जज ने उनसे कहा था कि उनके पास दिल्ली से किसी का फोन आया है। उसने जस्टिस संदेश के बारे में पूछा। मैंने कहा कि मैं किसी भी पार्टी से ताल्लुक नहीं रखता। जस्टिस संदेश ने कहा, उन्होंने बताया कि एडीजीपी उत्तर भारत से हैं और बहुत ताकतवर हैं। उन्होंने कहा, साथी जज ने मुझे एक उदाहरण भी दिया कि कैसे एक सिटिंग जज का ट्रांसफर हो गया था।

### आत्महत्या

## दबाव बनाने के लिए अपनी पत्नी-बेटी को 18 घंटे बंधक बनाया, पुलिस पर लगातार फायरिंग करता रहा

# छुट्टी न मिलने से जवान नाराज, खुद को मारी गोली

जोधपुर। जोधपुर के सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर में जवान ने लाइट मशीनगन से फायरिंग की। उसे समझाने के लिए परिजनों को बुलाया गया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। जोधपुर में छुट्टी नहीं मिलने से नाराज सीआरपीएफ जवान नरेश जाट ने खुद को गोली मार ली, लेकिन इसके पहले उसने अफसरों पर दबाव बनाने के लिए अपनी पत्नी और बेटी को घर में 18 घंटे तक बंधक बनाए रखा। पुलिस और प्रशासन ने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। आखिर में उसने चार अफसरों के सामने खुद को गोली मार ली। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला जोधपुर के पालड़ी खिचियान स्थित सीआरपीएफ के रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का है। बताया जा रहा है कि नरेश जाट का छुट्टी को लेकर डीआईजी भूपेंद्र सिंह से विवाद हो गया था।

### मनाने के लिए रिश्तेदारों को बुलाया

नरेश को समझाने के लिए देर रात उसके परिजनों को पाली से बुलाया गया। जवान ने सीआरपीएफ के आईजी के सामने ही सरेंडर करने की शर्त रखी थी, आईजी उससे बातचीत करने पहुंचे भी, लेकिन बातचीत के



बाद उसने आईजी के सामने ही खुद को गोली मार ली।

### डीआईजी ने धमकी दी तो नाराज हुआ

नरेश के पास इंडियन स्मॉल आर्म सिस्टम (आईएनएसएएस) 5.56 यानी लाइट मशीनगन थी। नरेश ने इस मशीनगन से कई राउंड हवाई फायर किए। जवानों के मुताबिक नरेश छुट्टी नहीं मिलने से परेशान था। इसे लेकर ही रविवार को रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के डीआईजी भूपिंदर सिंह से उसकी बहस भी हो गई। बात बढ़ी तो डीआईजी ने नरेश को बर्खास्त करने की धमकी तक दे दी। इससे गुस्साए जवान ने एक अन्य जवान पर हमला कर दिया और उसका हाथ काट लिया।

इससे जवान घायल हो गया। फिर नरेश गुस्से में क्वार्टर के अंदर चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद बाहर नहीं आया।

### लाइट मशीन गन ठुड्डी के नीचे रखकर गोली मारी

सीआरपीएफ जवान की मौके पर ही मौत हो गई। कमिश्नर रवि गौड़ ने बताया कि कल शाम से समझाइश का दौर चल रहा था।

पाली से मां-बाप को बुलाया गया था। जयपुर से भी अधिकारी रवाना हो गए थे। फोन पर भी उसे समझाया जा रहा था। सुबह उसने पिता को अपने पास आने को कहा, लेकिन इसके बाद मना कर दिया। समझाइश चल ही रही थी कि उसने ठुड्डी के नीचे मशीन गन रखकर खुद को गोली मार ली।

## शार्ट न्यूज

### देश के सबसे बूढ़े बाघों में से एक 'राजा' की मौत, मगरमच्छ से बचाई गई थी जान

कोलकाता। देश के सबसे उम्रदराज बाघों में से एक राजा की सोमवार को मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक राजा की उम्र 25 साल 10 महीने थी। जलदापाड़ा के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर दीपक एम ने बताया, वह देश के सबसे पुराने बाघों में से एक था। उसे अगस्त 2008 में उत्तरी बंगाल के जलदापाड़ा के लेपर्ड रेस्क्यू सेंटर लाया गया था। आम तौर पर एक बाघ 16 साल तक जीता है। वहीं बाघ की अधिकतम आयु 28 से 30 साल होती है। राजा पहले सुंदरबन में रहता था। एक बार मगरमच्छ ने उसे घायल कर दिया। उसके पीछे के पैर में इतनी चोट आई कि वह जीने के लिए तरसने लगा। बता दें कि सुंदरबन डेल्टा दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है। यह डेल्टा भारत और बांग्लादेश में फैला हुआ है। सुंदरबन में करीब 100 बाघ रहते हैं और यहां की नदी में मगरमच्छों की भरमार है। इस इलाके में रहने वाले लोगों के लिए भी बाघ अकसर खतरा बन जाते हैं। आए दिन किसी पर बाघ के हमले की खबर आती ही रहती है। इसके अलावा मगरमच्छ और जहरीले सांपों का भी इस इलाके में आतंक रहता है। अलीपुरद्वार के डीएम एसके मीना ने ट्वीट कर कहा, यह बाघ 11 साल का था जब खैराबाड़ी रेस्क्यू सेंटर में लाया गया था। यहां वह 15 साल तक रहा। यह देश में सबसे ज्यादा उम्र तक जीने वाले बाघों में से एक था।

### सुखबीर ने चंडीगढ़ पर पंजाब के दावों को कमजोर करने की केंद्र के साथ की थी मिलीभगत

अमृतसर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य की राजधानी के मुद्दे पर अकाली नेताओं के निराधार बयानों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए आज चंडीगढ़ पर राज्य के दावे को कमजोर करने के लिए शिरोमणि अकाली दल नेतृत्व की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने सोमवार को यहां श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेकने के बाद कहा, हर कोई जानता है कि किसने राज्य सरकार के कार्यालयों को चंडीगढ़ से मोहाली में स्थानांतरित किया और न्यू चंडीगढ़ का गठन किया। उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह बादल और सुखबीर सिंह बादल ने चंडीगढ़ पर पंजाब के दावों को कमजोर करने के लिए केंद्र की सरकारों के साथ मिलीभगत की थी। उन्होंने सुखबीर बादल से यह स्पष्ट करने के लिए कहा कि जब वे केंद्र में एक के बाद एक सरकार में भागीदार थे, तो वे चंडीगढ़ के बारे में चुप्पी क्यों साधे हुए थे। श्री मान ने कहा कि बादल अपने निहित राजनीतिक हितों के लिए चुप रहे हैं, यहां तक कि कांग्रेस नेतृत्व भी पूरे मामले पर मूकदर्शक बना रहा। श्री मान ने कहा कि अकाली और कांग्रेस निराधार बयान जारी कर मीडिया के सामने ब्राउनी पॉइंट बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समाज के हर तबके की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आम जनता से सक्रिय परामर्श के बाद हर मुद्दे का समाधान किया जा रहा है।

### दुष्कर्म मामले में सिमरजीत बैंस ने चार साथियों सहित कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

लुधियाना। दुष्कर्म के एक मामले में भगौड़े पूर्व विधायक और लोक इंसाफ पार्टी के प्रमुख सिमरजीत सिंह बैंस ने सोमवार को अपने चार साथियों परमजीत सिंह पम्मा, प्रदीप शर्मा गोगी, बलजिंदर कौर और जसबीर कौर उर्फ भाभी के साथ लुधियाना की एक अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। अदालत ने पांचों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले कमिश्नरेट पुलिस ने इस मामले में बैंस के निजी सचिव सुखचैन सिंह और भाई कर्मजीत सिंह बैंस को गिरफ्तार किया था। आरोपी सुखचैन सिंह भी उन आरोपियों में शामिल था, जिन्हें अदालत ने भगोड़ा करार दिया था। पुलिस ने सुखचैन और कर्मजीत बैंस को दो दिन के रिमांड पर लिया था। उल्लेखनीय है कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इनकी अग्रिम जमानत याचिका रद्द कर दी थी। इतना ही नहीं, उच्चतम न्यायालय से भी इन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। करीब 44 साल की महिला ने आरोप लगाते हुए कहा था कि वह एक प्रॉपर्टी विवाद के सिलसिले में सिमरजीत सिंह बैंस के संपर्क में आई थीं, जिसके बाद विधायक ने उसकी आर्थिक कमजोरी का फायदा उठाया और उसकी मदद करने के बजाए उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने आरोप लगाया कि विधायक ने एक बार नहीं बल्कि कई बार उसके साथ घिनौनी हरकत की, जिसके बाद महिला ने परेशान होकर जुलाई 2021 में लुधियाना में बलात्कार का मामला दर्ज कराया था। महिला का आरोप है कि पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

### बिजली क्षेत्र का निजीकरण औद्योगिक घरानों के लिए वरदान : गुप्ता

जालंधर। बिजली संशोधन बिल 2022 जहां आम नागरिकों के लिए महंगा साबित होगा वहीं यह औद्योगिक घरानों के लिए एक वरदान साबित होने वाला है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के प्रवक्ता वी के गुप्ता ने सोमवार को कहा कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण वह देवता है जो विफल होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण, जैसा कि बिजली संशोधन विधेयक 2022 के माध्यम से प्रस्तावित है, जनता के लिए महंगा साबित होगा, जबकि यह बड़े औद्योगिक घरानों और कुछ निवेशकों के लिए एक वरदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्रालय ने बिजली संशोधन विधेयक 2022 पर अपनी एकतरफा प्रस्तुति में दावा किया है कि यह विधेयक हितधारकों की टिप्पणियों और परामर्शों पर आधारित है और संसद के मानसून सत्र में बिल पेश करने जा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि मंत्रालय बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए इतना उत्सुक है कि उसने सबसे बड़े हितधारकों बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के साथ बिजली संशोधन बिल पर चर्चा भी नहीं की। उन्होंने बताया कि एआईपीईएफ ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह और अन्य को लिखे अपने पत्र में चेतावनी दी है कि इस संशोधन विधेयक के सभी उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परिणाम हैं और सभी हितधारकों की राय लिए बिना इसे जल्दबाजी में संसद में नहीं रखा जाना चाहिए।

### छह किलो 600 ग्राम अफीम बरामद

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में पुलिस ने नशों के खिलाफ दो कार्रवाइयों में भारी मात्रा में अफीम तथा चिट्टा बरामद किया है। हनुमानगढ़ जिले में पुलिस के जिला विशेष दल (डीएसटी) की एक टीम ने कल देर रात को संगरिया-डबवाली मार्ग पर एक कार में सवार सहदेव बिश्नोई (43) निवासी वार्ड नंबर 2 मालारामपुरा को गिरफ्तार किया। उसकी हुंडई कार में तलाशी लेने पर छह किलो 600 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सहदेव ग्राम पंचायत मालारामपुरा की महिला सरपंच का बेटा है। सब इंस्पेक्टर लाल बहादुर ने बताया कि आज शाम अदालत में पेश करने पर सहदेव का बरामद अफीम के बारे में पूछताछ करने के लिए रिमांड मिला है। इस बीच श्रीगंगानगर जिले में रायसिंहनगर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक बरामद की है।

### छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) की विशेष अदालत के न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने एक स्कूली छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को आज 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार का अर्थदंड लगाया। विशिष्ट लोक अभियोजक गुरचरण सिंह रुपाणा एडवोकेट ने बताया कि जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को एक वर्ष का साधारण कारावास अलग से भुगतना होगा। घटना मटीली राठान थाना क्षेत्र में एक सीमावर्ती गांव की है। स्कूल में अध्ययनरत 16 वर्षीय एक किशोरी के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 10 अगस्त 2016 को रवि उर्फ रविंद्र सिंह मजहबी सिख निवासी चक 10-डब्ल्यू के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। विशिष्ट लोक अभियोजक ने बताया कि प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा अदालत में 13 गवाह, 15 आर्टिकल और 25 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इनके आधार पर आज न्यायाधीश ने निर्णय देते हुए रवि को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# 'भाजपा हर विधायक को 50 करोड़ रुपये ऑफर कर रही है'

## गोवा कांग्रेस में संकट के बीच सिद्धारमैया का आरोप

**एजेंसी**

पणजी। गोवा में विपक्षी दल कांग्रेस ने रविवार को बताया कि राज्य में उसके 11 में से पांच विधायकों से ''संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस बीच कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने राज्य की सत्ताधारी पार्टी भाजपा पर खरीद-फरोख्त का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस विधायकों को 50 करोड़ रुपये ऑफर कर रही है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने दो विधायकों माइकल लोबो और पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर पार्टी के खिलाफ ''साजिश'' रचने का आरोप लगाया था। जिसके बाद कांग्रेस ने माइकल लोबो को गोवा विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद से हटा दिया है।

सिद्धारमैया ने कहा, वे हर विधायक के लिए 50 करोड़ रुपये की पेशकश कर रहे हैं। वे (भाजपा) ऐसा कर लोकतंत्र में विश्वास नहीं कर रहे हैं। केवल गोवा में ही नहीं, हर जगह वे ऑपरेशन कमल चला रहे हैं। वे पैसे की पेशकश करते हैं और विधायकों को खरीदते हैं। इससे पहले कर्नाटक कांग्रेस विधायक एमबी पाटिल ने कहा कि विधायकों के व्यापार ने देश की व्यवस्था खराब कर दी है।

पाटिल ने कहा, 40 करोड़ रुपये में विधायकों को खरीदने का सीटी रवि



का बयान अलोकतांत्रिक है। इसने हमारे देश की व्यवस्था को खराब कर दिया है। हमें शर्म आती है कि हमारे देश में ऐसी चीजें होती हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कर्नाटक के विधायक भी भाजपा में शामिल होंगे? उन्होंने कहा कि भाजपा और जद (एस) के नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, कोई मौका नहीं। असल में, भाजपा और जद (एस) के लोग कांग्रेस में शामिल होंगे।

इससे पहले कांग्रेस ने लोबो को गोवा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) के पद से हटा दिया है। राज्य विधानसभा सत्र की पूर्व संध्या पर यह घोषणा करते हुए, कांग्रेस के गोवा डेस्क प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने कहा कि लोबो और कामत के अलावा, पार्टी के तीन अन्य विधायकों से ''संपर्क नहीं हो पा रहा है।'' यह घटनाक्रम इन अटकलों के बीच सामने आया है कि 40 सदस्यीय सदन में कांग्रेस के कुछ विधायक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं।

राव ने कहा, ''एलओपी माइकल लोबो और पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत गोवा में कांग्रेस में दलबदल सुनिश्चित करने के लिए भाजपा के साथ मिलकर साजिश रच रहे थे। पार्टी ने लोबो को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाने का फैसला किया है।''

उन्होंने कहा कि पार्टी लोबो और कामत दोनों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। गोवा में कांग्रेस के फिलहाल 11 विधायक हैं।

राव ने कहा कि पार्टी के पांच विधायक - लोबो, कामत, केदार नाइक, राजेश फलदेसाई और डेलियाला लोबो से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जबकि पांच अन्य - एल्टन डी कोस्टा, संकल्प अमोनकर, यूरी अलेमाओ, कार्लोस अल्वारेस फरेरा, रुडोल्फ फर्नांडीस संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे। उन्होंने कहा, ''छठे विधायक एलेक्सो सिकेरा पार्टी नेताओं के संपर्क में है और कांग्रेस के साथ हैं।''

सत्तारूढ़ भाजपा के पास वर्तमान में 20 विधायक हैं और उसे पांच अन्य का भी समर्थन प्राप्त है। इस साल फरवरी में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 11 सीट पर जीत हासिल की थी। गोवा में यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल में पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सत्तारूढ़ शिवसेना के कुछ विधायकों के बागी हो जाने के कारण महा विकास आघाड़ी सरकार गिर गई।

# गोवा में बड़े एक्शन के मूड में कांग्रेस

## माइकल लोबो और दिगंबर कामत की जाएगी विधायकी

पणजी। गोवा कांग्रेस में दल-बदल की कोशिशें सामने आने के बाद पार्टी का रुख सख्त हो गया है। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर दो विधायकों के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के पास पिटिशन फाइल की है। यह दोनों गोवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माइकल लोबो और दिगंबर कामत हैं। गौरतलब है माइकल लोबो को पार्टी पहले ही नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा चुकी है और दिगंबर कामत के ऊपर भी एक्शन लिया गया है। इस बीच कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि भाजपा



उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास राष्ट्रपति चुनाव में पर्याप्त वोट नहीं है, इसलिए वह ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले भी कर्नाटक और मध्य प्रदेश में ऐसा कर चुकी है। इस बीच गोवा विधानसभा में स्पीकर रमेश तेवाडकर के सामने विधायकों को अयोग्य ठहराने संबंधी पिटीशन दाखिल की जा चुकी है। राज्य कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पटकर ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम अपने दो वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ डिसक्वॉलीफिकेशन पेटीशन दाखिल करने जा रहे हैं। अमित पटकर ने कहा कि इस बारे में सुप्रीम कोर्ट का भी एक निर्णय है, जिसमें कहा गया है कि पार्टी के खिलाफ किसी गतिविधि में शामिल होने पर सदस्यों की सदस्यता खत्म की जा सकती है। गौरतलब है कि गोवा में कांग्रेस के कुल 11 विधायक हैं। इनमें से माइकल लोबो, दिगंबर कामत, केदार नायक, राजेश फलदेसाई और दिलियालह लोबो से संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसके बाद पार्टी में दलबदल की अफवाहें तेज हो गई थीं। कांग्रेस के गोवा प्रभारी दिनेश गुंडू राव ने कहा कि लोबो और कामत पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। यह लोग भाजपा के साथ मिलने की साजिश रच रहे थे। वहीं देर रात यह जानकारी भी सामने आई कि हालात को देखते हुए सोनिया गांधी ने सांसद मुकुल वासनिक को यहां भेजा था।

# आंध्र की एक अमरनाथ तीर्थयात्री की मौत, एक लापता

विजयवाड़ा। जम्मू- कश्मीर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए अमरनाथ यात्रा के दौरान बादल फटने के दौरान आंध्र प्रदेश की एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई और एक अन्य महिला अभी भी लापता है।

सोमवार को यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के अनुसार, मृतका राजमुंदरी शहर की निवासी गुनिसेट्टी सुधा नाम की महिला है।

उसके पति और दामाद ने उसके शव की पहचान की, जिसे श्रीनगर के सरकारी अस्पताल में रखा गया है। महिला के परिवार के लोग उसके शव को राजमुंदरी लाने का प्रयास कर रहे हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार, राजमुंदरी निवासी एक और महिला अभी भी लापता है। बचाव कर्मी दल उसका पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं।

राज्य सरकार को प्राप्त जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश के अन्य सभी अमरनाथ तीर्थयात्री सुरक्षित हैं।

नेल्लोर के जिला कलेक्टर चक्रधर बाबू ने बताया कि नेल्लोर जिले से 82 लोग अमरनाथ यात्रा में गए थे और अब तक अधिकारियों ने कुल 57 लोगों से संपर्क कर पाये हैं हालांकि ये राहत की बात है कि वे सभी सुरक्षित हैं। अन्य तीर्थयात्रियों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मोहम्मद जुबैर को राहत नहीं, लखीमपुर कोर्ट ने ऑल्ट न्यूज के को-फाउंडर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। ऑल्ट न्यूज के को-फाउंडर मोहम्मद जुबैर को फिलहाल राहत मिलती नहीं नजर आ रही है। लखीमपुर कोर्ट ने जुबैर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जुबैर के खिलाफ लखीमपुर में सितंबर 2021 में केस दर्ज किया गया था। यह केस एक प्राइवेट चैनल के खिलाफ ट्वीट करने पर दर्ज किया गया था। जुबैर की जमानत अर्जी पर अब 13 जुलाई को सुनवाई होगी।

**सीतापुर मामले में मिली थी अंतरिम जमानत**

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले जुबैर को यूपी में दायर मामले में सुप्रीम कोर्ट से 5 दिन की अस्थायी राहत मिली थी। तब कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी। जुबैर ने सीतापुर में दर्ज एफआईआर में गिरफ्तारी से बचने के लिए यह याचिका डाली थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने फैसले के साथ-साथ शर्त भी रखी थी कि जुबैर कोई ट्वीट नहीं करेंगे और देश छोड़कर बाहर नहीं जाएंगे।

**धार्मिक भावनाएं भड़काने के केस में हुई थी गिरफ्तारी**

गौरतलब है कि जुबैर को दिल्ली पुलिस ने 27 जून को गिरफ्तार किया था। उनके ऊपर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली ट्वीट करने का आरोप था। बता दें कि मो. जुबैर को तिहाड़ जेल से सीतापुर जेल शिफ्ट किया गया था। यहां पर सीजेएम कोर्ट में दाखिल जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी थी। पुलिस रिमांड पर अब उनसे पूछताछ की तैयारी चल रही थी।। पुलिस के मुताबिक 16 जुलाई तक रिमांड मिली थी। जुबैर को गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच दिल्ली से ले जाया गया था। दिल्ली पुलिस और सीतापुर पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया।

### युवक की मौत के बाद पुलिस अधिकारी निलंबित

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में पुलिस पूछताछ के लिए बुलाए गए एक युवक की मौत के बाद पुलिस ने औपचारिक जांच के आदेश देते हुए एक अधिकारी को निलंबित कर दिया। बादशाह नगर के मुनीर अहमद के परिवार ने आरोप लगाया कि शनिवार शाम को उसकी पुलिस हिरासत में मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में औपचारिक जांच शुरु कर दी गई तथा नोगाम थाना के एक अधिकारी को निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए निलंबित कर दिया गया है। मुनीर के परिवारों ने इसके विरोध में शनिवार को धरना प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि उसको पुलिस हिरासत में प्रताड़ित किया गया जिससे उसकी मौत हो गई। प्रदर्शन शनिवार देर रात तक जारी था। पुलिस ने कहा कि मुनीर को नौ जुलाई को चोरी के मामले में थाना बुलाया गया था। इसी बीच पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने युवक की मौत का कारण नशे का आदी होने को लेकर पुलिस पर निशाना साधा।

# विपक्ष में रहना नहीं जानती कांग्रेस, कुछ भी सुनने को तैयार नहीं होते नेता: प्रशांत किशोर

नई दिल्ली। कांग्रेस के साथ लंबी चली बातचीत के बाद भी उसके साथ न जाने वाले प्रशांत किशोर ने अब उसके बारे में अहम टिप्पणी की है। प्रशांत किशोर ने कांग्रेस को लेकर कहा है कि उसके नेता यह मानते हैं कि सरकार को लोग खुद ही उखाड़ फेंकेंगे और उन्हें सत्ता मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही है और उसे विपक्ष में रहना नहीं आता। उन्होंने कहा, मैं देखता हूं कि कांग्रेस के लोगों में एक समस्या है। वे मानते हैं कि हमने लंबे समय तक देश में शासन किया है और जब लोग नाराज होंगे तो सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और फिर हम आ जाएंगे। वे कहते हैं कि आप क्या जानते हैं, हम सब कुछ जानते हैं और लंबे समय तक सरकार में रहे हैं।

प्रशांत किशोर ने इंडियन एक्सप्रेस के कार्यक्रम ई-अड्डा में बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस देश में एक मुख्य विपक्षी दल है, जो दशकों तक सत्ता में



रही है। लेकिन उसे यह सीखना होगा कि विपक्ष में कैसे रहा जाता है। आप यह कहके नहीं बच सकते हैं कि मीडिया हमें कवर ही नहीं कर रहा है। इससे ऐसा लगता है कि उन्हें सत्ता में ही रहने की आदत हो गई है और लोग आज उनकी सुन नहीं रहे हैं तो खीझ पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा से फिलहाल कोई एक ही दल मुकाबला नहीं कर पाएगा। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस का ही उदाहरण देते हुए कहा कि 1950 से 1990 के दशकों में हम देखते हैं कि कांग्रेस का मुकाबला कोई एक दल नहीं कर पा रहा था। इसमें एक लंबा वक्त लगा था। इसीलिए मैं कहता हूं कि आने वाला एक लंबा वक्त भाजपा का हो सकता है, यदि उसे मिलकर चुनौती नहीं दी गई।

**लगातार गिर रही कांग्रेस, अपने दम पर 4 दशक से नहीं बनाई सरकार**

उन्होंने कहा कि कोई एक दल यदि सोचे कि वह भाजपा को मात दे देगा तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 1984 के बाद से ही लगातार गिरावट के दौर में है। वह तब से एक बार भी अपने लेवल पर सरकार नहीं बना सकी है। 2004 में कांग्रेस की सरकार 145 सीटों से सरकार बनी थी। हम देख सकते हैं कि लगातार उसमें गिरावट आती रही है। वर्तमान दौर में विपक्ष की मजबूती को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि मुद्दों के आधार पर सरकार के खिलाफ एक बड़ा वर्ग दिखता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उसका फायदा विपक्ष उठा ही पाएगा।

# उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, विधानसभा स्पीकर के फैसले लेने पर लगाई रोक

नई दिल्ली। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना कैंप को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। उनकी ओर से अदालत में अर्जी दाखिल की गई थी, जिसमें विधानसभा के नए स्पीकर के चुनाव को चुनौती दी गई थी। अदालत ने इस अर्जी पर ही सॉलिसिटर जनरल से कहा कि वह महाराष्ट्र के विधानसभा स्पीकर को बताएं कि इस याचिका पर फैसले तक वह कोई फैसला न लें। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस अर्जी पर सुनवाई के लिए बेंच का गठन करना होगा। ऐसे में अर्जी को लिस्टेड करने के लिए कुछ वक्त चाहिए। कल इस पर सुनवाई नहीं हो सकती है। भले ही अदालत ने अर्जी को लेकर कोई



फैसला नहीं दिया है, लेकिन स्पीकर के फैसले लेने पर रोक लगाकर उद्धव कैंप को फौरी राहत जरूर दी है।

अदालत ने विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को आदेश दिया कि वे एकनाथ शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे कैंप के खिलाफ लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर फिलहाल कोई फैसला न लें। उद्धव ठाकरे कैंप का पक्ष रखते हुए सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से मांग की कि विधायकों को अयोग्य ठहराने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

इस पर चीफ जस्टिस एनवी रमन्ना ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, कृपया स्पीकर को बताएं कि अयोग्यता की अर्जी पर कोई फैसला न लें, जब तक अदालत इस मसले की सुनवाई नहीं कर लेती है। कल इस पर सुनवाई नहीं होगी, लेकिन स्पीकर को इस बारे में बता दें।

इस दौरान महाराष्ट्र विधानसभा सचिव की ओर से सुप्रीम कोर्ट में बताया कि नियम के अनुसार स्पीकर विधायकों की अयोग्यता की अर्जी पर फैसला ले सकते हैं। सचिव ने कहा कि अब अयोग्यता की कार्रवाई पर फैसला डिप्टी स्पीकर की बजाय स्पीकर राहुल नार्वेकर ही लेंगे।

बीते सप्ताह एकनाथ शिंदे ने विधानसभा में बहुमत साबित कर दिया था और उसके बाद उद्धव कैंप के विधायकों के आगे सदस्यता जाने का भी खतरा मंडरा रहा है। एकनाथ शिंदे गुट की बगावत के चलते उद्धव ठाकरे को पद से इस्तीफा तो देना ही पड़ा है। इसके साथ ही शिवसेना भी दोफाड़ हो गई है और दो तिहाई से ज्यादा विधायक शिंदे के साथ होने के चलते उद्धव खेमा संकट में आ गया है।

# फिर शुरू हुई अमरनाथ यात्रा

**एजेंसी**

जम्मू। जम्मू के भगवती नगर में स्थित यात्री निवास आधार शिविर से अमरनाथ की यात्रा फिर से शुरू हो गई है। शुक्रवार शाम को अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से आई प्राकृतिक आपदा के कारण इस पर अस्थायी रूप से रोक लगाई गई थी। यहां बादल फटने की वजह से आई तबाही में 16 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं और करीब 50 घायल हुए हैं। अमरनाथ में आई इस आपदा के बावजूद यहां मौजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह बिल्कुल भी कम नहीं हुआ है। सरकार द्वारा भक्तों के लिए स्थापित आधार शिविरों में ये बम बम भोले के जयकारे के साथ पहुंच रहे हैं। 4,026 तीर्थयात्रियों का 12वां जत्था 110 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि बालटाल मार्ग के लिए 25 बसों और 10 हल्के मोटर वाहनों में 767 पुरुष, 240 महिलाएं और नौ बच्चे समेत कुल 1,016 यात्री आधार शिविर से रवाना हुए हैं। ठीक इसी तरह पहलगाम रूट के लिए कुल 3,010 तीर्थयात्री 58 बसों सहित 75 वाहनों में सवार होकर आधार शिविर से रवाना हुए, जिनमें 2,425 पुरुष, 401 महिलाएं, चार बच्चे, 174 साधु और छह साध्वी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि जम्मू आधार शिविर से अब तक 73,554 तीर्थयात्री पवित्र गुफा के दर्शन के लिए रवाना हो चुके हैं। कोरोना महामारी के कारण दो साल से बंद अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 30 जून से हुई है।

# कर्नाटक चुनाव के लिए सोनिया ने गठित की पीएसी

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कर्नाटक में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक मामलों की समिति का गठन किया है। गांधी ने पार्टी के महासचिव एवं कर्नाटक कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला को 22 सदस्यीय इस समिति का संयोजक बनाया है। इस समिति में कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी. के शिवकुमार, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.के. हरिप्रसाद, श्री दिनेश गुंडुराव, श्रीमती मार्गरेट अल्वा, श्री डी. के. सुरेश तथा पार्टी के टास्क फोर्स के सदस्य सुनील कानुगोलु शामिल हैं। गांधी ने श्री डी श्रीधर बाबू, श्री पी.सी. विष्णुनाथ तथा रोजी एम जॉन को पार्टी महासचिव नियुक्त किया है और इन सभी को श्री सुरजेवाला के साथ तत्काल प्रभाव से संलग्न कर दिया है।

### नहाते हुए दो मासूम भाई नहर में डूबे, एक की मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान के हनुमानगढ़ जंक्शन में आज दो मासूम भाई एसटीजी नहर में नहाते हुए डूब गए। लोगों ने एक को बचा लिया लेकिन दूसरा पानी के तेज बहाव में बह गया।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान आर्यन (6) के रूप में हुई। हनुमानगढ़ जंक्शन में अबोहर बाईपास मार्ग पर एक फैक्ट्री परिसर में रहनेवाले बिहार मूल के निवासी टॉमीलाल मुखिया के दो बेटे आर्यन और रतन नहर पर नहाने गए।दोनों ही बालक तैरना नहीं जानते थे।

# पंजाब सरकार ने की मत्तेवाड़ा टेक्स्टाइल पार्क परियोजना रद्द : मान

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस की पूर्व सरकार द्वारा स्वीकृत मत्तेवाड़ा टेक्स्टाइल पार्क परियोजना को रद्द करने का एलान करते हुए कहा है कि राज्य के जंगलों और बहुमूल्य जल स्त्रोतों को बचाने के लिए मत्तेवाड़ा के जंगलों के नजदीक प्रस्तावित जगह पर कोई औद्योगिक इकाई नहीं लगेगी।

मत्तेवाड़ा जंगल को लेकर लोक कार्यसमिति (पीएसी) के साथ बैठक के बाद श्री मान ने सोमवार को एलान किया, मैं स्पष्ट तौर पर बताना चाहता हूँ कि न सिर्फ मत्तेवाड़ा, बल्कि राज्य सरकार पंजाब के किसी भी नदी के किनारे कोई उद्योग स्थापित करने की इजाजत नहीं देगी ताकि पानी के प्रदूषण को रोका जा सके।

श्री मान ने दुख जताया कि पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए इस प्रोजेक्ट के सभी पक्षों को जाँचे बगैर एक हजार एकड़ भूमि में टेक्स्टाइल पार्क स्थापित करने की मंजूरी दे दी थी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की प्रस्तावित जगह मत्तेवाड़ा जंगलों के नजदीक और सतलुज नदी के किनारे पर है लेकिन इस प्रोजेक्ट से राज्य के वातावरण पर पड़ने वाले बुरे प्रभावों को कैप्टन सरकार ने पूरी तरह से अनदेखा कर दिया।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने अवैध गांजे एवं शराब के साथ दस नाइजिरियन पुरूष एवं महिलाओं को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने सोमवार को अवैध गांजे एवं शराब के साथ पाँच नाइजिरियन पुरूष एवं पाँच नाइजिरियन महिलाओं को थाना क्षेत्र के ओमीक्रोन-1 मकान नंबर सी-51 से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 310 ग्राम गांजा, 217 कैन/बीयर और 17 बोतल व्हिस्की अंग्रेजी शराब( उत्तर प्रदेश मार्का व दिल्ली मार्का) बरामद की है। अभियुक्तों द्वारा अवैध शराब का जखीरा जमा कर रखा था तथा उक्त मादक पदार्थ का सेवन करना स्वीकार किया गया है। पुलिस द्वारा विदेशी नागरिकों के प्रपत्र व वीजाओं की जाँच भी की जा रही है।

### दादरी पुलिस ने अवैध गांजे एवं शराब के साथ दस नाइजिरियन पुरूष एवं महिलाओं को किया गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने सोमवार को अवैध गांजे एवं शराब के साथ पाँच नाइजिरियन पुरूष एवं पाँच नाइजिरियन महिलाओं को थाना क्षेत्र के ओमीक्रोन-1 मकान नंबर सी-51 से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 310 ग्राम गांजा, 217 कैन/बीयर और 17 बोतल व्हिस्की अंग्रेजी शराब( उत्तर प्रदेश मार्का व दिल्ली मार्का) बरामद की है। अभियुक्तों द्वारा अवैध शराब का जखीरा जमा कर रखा था तथा उक्त मादक पदार्थ का सेवन करना स्वीकार किया गया है। पुलिस द्वारा विदेशी नागरिकों के प्रपत्र व वीजाओं की जाँच भी की जा रही है।

### पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल एवं अवैध असलहे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना कासना पुलिस ने सोमवार को एक अभियुक्त सुमित भाटी उर्फ एसटी गुर्जर पुत्र बलराज भाटी उर्फ बलवीर सिंह उर्फ बलराम निवासी लडपुरा थाना कासना जनपद गौतमबुद्धनगर को ग्राम घंघोला के 6 प्रतिशत प्लाट के सामने मुख्य मार्ग कासना सिकन्द्राबाद रोड पर चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक मोटरसाइकिल स्पलेण्डर और एक तमंचा बारह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है जो पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पुलिस ने छः शातिर मोबाइल/चैन लुटेरों को किया गिरफ्तार, दो बाल अपचारी लिए गए पुलिस अभिरक्षा में

नोयडा। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल से मोबाइल फोन एवं चेन आदि छीनने बदमाशों के गैंग के छः सदस्य वंश यादव पुत्र संजय यादव निवासी ग्राम बिसरख थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर, अमन कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम बड़ासौली मुज़फ्फरनगर वर्तमान पता लकी फ़ास्ट फ़ूड के पास सोरखा थाना सेक्टर-113 नोएडा, विकास उपाध्याय पुत्र सोनू निवासी गेट नंबर 2 के पास ग्राम सोरखा थाना सेक्टर-113 गौतमबुद्धनगर, रिषभ उर्फ गब्बर पुत्र हरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चन्द्रावली थाना सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर वर्तमान पता ग्राम सोरखा थाना सेक्टर-113 नोएडा, गोविंदा पुत्र उदय सिंह निवासी ग्राम पटवारी थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर, मोहित शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा निवासी ग्राम जगदीशपुरी गाँधी रोड थाना बडौत जिला बागपत वर्तमान पता ब्रज विहार कॉलोनी कुटी रोड मुरादनगर जिला गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के शौचालय के पीछे ग्राम सोरखा से गिरफ्तार कर लिया। एवं पुलिस ने दो बाल अपचारीयों को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस 40 लुटे हुए मोबाइल फोन,12 भिन्न-भिन्न कंपनी के मोबाइल के डिस्प्ले फोल्डर,एक आधा कटा हुआ मोबाइल फोन, 5,000 रुपये नगद, चोरी की तीन मोटरसाइकिल और तीन तमंचे मय छः कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।

### विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला चिकित्सालय सेक्टर 30 नोएडा में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

**नोयडा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना के अंतर्गत सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय सेक्टर 30 नोएडा गौतमबुद्धनगर में जन्मी बालिकाओं के कुल 11 अभिभावकों को बेबी किट भेंट कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया और अभिभावकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि उपस्थित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दिये जाने के साथ ही योजना से संबन्धित आवेदन पत्र एवं पम्फलेट वितरित किये गये।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका देवर घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना से आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगाया। हालांकि, मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र के तिलपता गांव के पास उर्मिला (45) नाम की एक महिला अपने देवर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रही थी, तभी एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। कुमार के मुताबिक, घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका देवर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# दिल्ली पुलिस को एक और कामयाबी

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा गैंगस्टर पवन उर्फ मटरू गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग पर लगातार शिकंजा कसती जा रही है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने सोमवार को लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट से जुड़े गैंगस्टर पवन उर्फ मटरू को गिरफ्तार किया है।



स्पेशल सेल के मुताबिक, गैंगस्टर मटरू की गिरफ्तारी दिल्ली के आईएसबीटी इलाके से हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी के पास से एक पिस्टल बरामद की गई है। पवन के ऊपर आर्म्स एक्ट, हत्या के कई मामले दर्ज हैं। स्पेशल सेल की टीम ने इस आरोपी को काफी टाइम से लगातार ट्रेस कर रही थी। पुलिस ने बताया कि दुबई में बैठे लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर विक्रम बराड़ के कहने पर मटरू दिल्ली आया था और उसका मकसद कुख्यात गैंगस्टर जितेंद्र उर्फ गोगी की हत्या का बदला लेना था। पुलिस के मुताबिक, मटरू को लकी पटियाल और कौशल चौधरी के गैंग्स के गुर्गों को मारने का टॉस्क दिया गया था।

वह 2021 में जेल से बाहर आया था और तब से ही फरार चल रहा था। जेल में पवन पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर बब्बू मान के साथ जुड़ गया था। बब्बू फिलहाल मलेशिया से गैंग को ऑपरेट कर रहा है।

बताया जाता है कि मलेशिया में बैठा बब्बू मान दुबई में बैठे गैंगस्टर विक्रम बराड़ का बेहद करीबी है और और दोनों ही लॉरेंस की क्राइम कंपनी के लिए बेहद खास हैं।

## थाना इकोटेक थ्री पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना ईकोटेक थ्री पुलिस ने सोमवार को सदोष मानव वध के अभियोग में वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र सिह पुत्र गजराज सिह निवासी खेरिया थाना आंवला जिला बरेली वर्तमान पता सुमित का मकान जलपुरा थाना इकोटेक थ्री गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के सुत्याना कट से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक डंडा बरामद किया है। उपरोक्त अभियुक्त थाना ईकोटेक थ्री पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 296/2022 धारा 304 भादवि में वांछित चल रहा था।अभियुक्त द्वारा 7 जुलाई 2022 की रात्री 10 बजे ठेकेदार सतीश के पास 4-5 दिन पहले मजदूरी करने आये मजदूर पिन्टू नाम के व्यक्ति से झगड़ा होने पर मारपीट की गयी थी। जिसके कारण पिन्टू की मृत्यु हो गयी जिसके सम्बन्ध में थाना इकोटेक पर वादी जिले सिह पुत्र नानक चंद गाँव-जलपूरा थाना इकोटेक थ्री जनपद गौतमबुद्धनगर की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

## फ्रंट ऑफ़ पैकेट लेबल्लिंग अभी FSSAI में विचाराधीन

आनंद राय

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के डायरेक्टर (आरसीडी) श्री अनिल मेहता जी ने 10 जून, 2022 को मानवाधिकार जननिगरानी समिति के संस्थापक और संयोजक डॉ लेनिन रघुवंशी को पत्र लिखकर बताया की फ्रंट ऑफ़ पैकेट लेबल्लिंग अभी FSSAI में विचाराधीन है। उन्होंने पत्र में आगे लिखा है कि आईआईएम अहमदाबाद द्वारा सर्वे, सम्बन्धित वैज्ञानिक पैनल की FOPNL की श्रेणिया और सीमा के सुझाव के आधार पर, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि उनके सुझाव को प्रस्तावित संशोधन अधिसूचना फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड (लेबल्लिंग एंड डिस्प्ले) रेगुलेशन, 2020 जो की FSSAI के वेबसाइट पर दर्ज होगा। वही दूसरी तरह भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने श्री रमाकान्त जायसवाल, व्यापारी एकता प्रतिनिधि मंडल और श्री जै कुमार मिश्रा, आम्रपाली ट्रेडर्स को पत्र लिखकर बताया है कि आईआईएम अहमदाबाद ने 15 फ़रवरी, 2022 को आयोजित हित धारको की बैठक में इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमे भारतीय उपभोक्ताओ की पहचान और समझ में आसानी और खरीद व्यवहार में बदलाव के सावधानीपूर्वक संयोजन के लिए स्टार रेटिंग मॉडल को अनुशांसित किया है। जबकि संस्था को दिए गए जवाब में स्टार रेटिंग मॉडल का जिक्र नहीं किया है। डॉ अनिल अग्रवाल, सांसद - राज्य सभा व सदस्य हेल्थ स्टैंडिंग कमेटी ने डॉ मनसुख मंडाविया, स्वास्थ्य मन्त्री भारत सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। PVCHR के प्रतिनिधि मंडल उनके आवास में मिलकर पत्र देकर उनको इस मामले में हस्तक्षेप किया था।

## उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम की संपत्ति कर नीति में बड़े बदलावों की घोषणा की

### अपशिष्ट पृथक्करण, विकेंद्रीकृत प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग बनेंगे निगम के संपत्ति कर संरचना में अतिरिक्त छूट/रियायतों की धुरी

प्रफुल्ल राय



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल, श्री वी के सक्सेना ने आज दिल्ली नगर निगम के संपत्ति कर ढांचे में बड़े नीतिगत बदलावों की घोषणा की और सह-भागिता नामक एक योजना का शुभारंभ किया है, जो आरडब्ल्यूए को कर संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र में भागीदार बनाएगी है। यह नई समान नीति संपत्ति कर संरचना लंबे समय से लंबित युक्तिकरण को संबोधित करती है। संपत्ति कर संरचना में अतिरिक्त छूट / रियायतों के लिए अपशिष्ट पृथक्करण, विकेंद्रीकृत प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग को धुरी बनाया गया है। यह नीति सहभागिता नामक एक नई पहल के साथ आई है जो सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों सहित संपत्ति कर संग्रह और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को जोड़ती है। सहभागिता पहल का उद्देश्य रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को प्रोत्साहित कर के कर संग्रह में दक्षता और अनुपालन में सुधार करना है। 90 प्रतिशत कर संग्रह दक्षता प्राप्त करने पर आरडब्ल्यूए अपने क्षेत्रों में कर संग्रह के 10 प्रतिशत तक या 1 लाख रुपये की सीमा तक के विकास कार्य की सिफारिश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि संबंधित कॉलोनी स्रोत पर 100 प्रतिशत अपशिष्ट पृथक्करण लागू करती है, कॉलोनी में गीले कचरे का संयोजन करती है, पुनः चक्रीय सूखे कचरे का पुनः चक्रण करती है और बचे हुए सूखे कचरे को दिल्ली नगर निगम या उसकी अधिकृत एजेंसियों को सौंप दें तो भुगतान किए गए कर के 5 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रोत्साहन उपलब्ध होगा।

यह संपत्ति कर नीति पहले के तीनों नगर निगमों के विभिन्न दृष्टिकोणों में एकरूपता लाती है। उपराज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि लंबे समय से प्रतीक्षित इन सुधारों से बहुप्रतीक्षित सामुदायिक भागीदारी आएगी और यह सुनिश्चित होगा कि नागरिक दिल्ली नगर निगम में हितधारक बनें। इससे एक ओर जहां दिल्ली वासियों को बेहतर सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी वहीं दूसरी ओर लोगों की सक्रिय सहभागिता से नगर निगम के राजस्व में भी वृद्धि हो सकेगी।

## ऐतिहासिक स्मारकों को संरक्षित करना जरुरी : सिसोदिया

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा है कि ऐतिहासिक इमारतें हमारी धरोहर है और इन्हें संरक्षित करना बेहद जरुरी है। सिसोदिया ने सोमवार को दिल्ली पुरातत्व विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कामों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में स्मारकों की स्थिति की समीक्षा के बाद, यह निर्णय लिया गया कि उपमुख्यमंत्री जल्द ही उनका दौरा करेंगे और ऐतिहासिक स्थलों पर चल रहे संरक्षण कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि ऐतिहासिक इमारतें हमारी धरोहर है और इन्हें संरक्षित करना बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक उपेक्षित रहने के कारण इन्हें काफी नुकसान हुआ है। इसे लेकर केजरीवाल सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बेहद सावधानी के साथ प्रत्येक स्मारक व उससे जुड़े इतिहास के साथ छेड़छाड़ किए बिना जल्द से जल्द उन्हें अपनी असल पहचान दी जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ज़्यादातर ऐतिहासिक इमारतें भारतीय पुरात्विक सर्वेक्षण विभाग के अंतर्गत आते है लेकिन ऐतिहासिक महत्त्व की बहुत सी ऐसी इमारतें भी है जो दिल्ली सरकार के अंतर्गत आती है। दिल्ली सरकार के अंतर्गत ऐसी कुल 71 इमारतें है जिनके पुनर्विकास का कार्य किया जा रहा है ताकि लोग इन इमारतों के इतिहास से भी परिचित हो सकें और ये स्थान पर्यटन के क्षेत्र के रूप में उभर सकें। सरकार द्वारा यहां यहां पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कश्मीरी गेट पर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के परिसर में स्थित दारा शिकोह की लाइब्रेरी वर्षों से जर्जर हालत में थी। इस लाइब्रेरी की छत और दीवारें रखरखाव की कमी के कारण जर्जर हो चुकी थी। यमुना नदी से बेहद नजदीक होने के कारण यहां हर समय सीलन की समस्या होती थी। केजरीवाल सरकार द्वारा इस ऐतिहासिक महत्त्व के इमारत को प्राथमिकता देते हुए संरक्षित और पुनर्जीवित करने का काम किया गया है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

नोएडा। सेक्टर-49 क्षेत्र स्थित कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस से शिकायत की है कि उसकी स्कूल के समय से पारितोष से दोस्ती है। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई वर्षों तक दुष्कर्म किया। जब उसने युवक से शादी करने के लिए कहा तो वह टालमटोल करने लगा। युवती ने दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार सवार बदमाशों ने बहस के बाद ऑटो चालक के हाथ-पैर तोड़े, फिर कार चढ़ाकर ले ली जान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के खेड़ी पुल के पास स्थित शराब के ठेके पर रविवार रात कार सवार बदमाशों ने कथित तौर पर मामूली बहस के बाद एक ऑटो चालक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पिटाई के बाद बदमाशों ने युवक के ऊपर कार भी चढ़ा दी थी।

मृतक की पहचान 44 वर्षीय शकील के रूप में हुई है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, मृतक शकील ऑटो चलाता था। वह रविवार रात शराब के ठेके के पास किसी काम से गया था। इस दौरान वहां पहले से मौजूद कार सवार तीर-चार व्यक्तियों से किसी बात को लेकर उसकी बहस हो गई थी। इस पर बदमाशों ने उसकी लाठी-डंडों व लोहे की सरिये से जमकर पिटाई कर दी। इसमें उसके हाथ-पांव टूट गए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मारपीट से भी जब बदमाशों का मन नहीं भरा तो उन्होंने शकील पर कार चढ़ा दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तुरंत बीके अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पातल रेफर कर दिया गया। सफदरजंग अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजनों की शिकायत पर फरीदाबाद पुलिस इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## अभी जेल में ही रहेंगे दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन, कोर्ट ने 20 जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की कुछ और रातें अभी जेल में ही कटेंगी। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को सत्येंद्र जैन की न्यायिक हिरासत एक बार फिर 20 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी है।



अदालत का यह आदेश प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को इस सप्ताह जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए तलब करने के कुछ दिनों बाद आया है। इस मामले में पूनम का नाम आप नेता के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के दौरान जब्त किए गए डिजिटल उपकरणों से मिली जानकारी से सामने आया है।

दिल्ली के 57 वर्षीय मंत्री को 30 मई को मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने जैन के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के खिलाफ कम से कम दो दौर की छापेमारी की है। जैन के परिवार और अन्य के खिलाफ छह जून को पहले दौर की छापेमारी के बाद एजेंसी ने 2.85 करोड़ रुपये की अस्पष्टीकृत नकदी और 133 सोने के सिक्के जब्त करने का दावा किया था।

ईडी ने आरोप लगाया था कि 2015-16 की अवधि के दौरान, जब सत्येंद्र कुमार जैन एक लोक सेवक थे, उनके द्वारा लाभकारी स्वामित्व वाली और नियंत्रित कंपनियों को नकद हस्तांतरण के खिलाफ शेल (कागजी) कंपनियों से हवाला मार्ग के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को रू4.81 करोड़ रुपये की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

ईडी ने कहा था कि इन राशियों का इस्तेमाल जमीन की सीधी खरीद या दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लिए गए कर्ज की अदायगी के लिए किया गया था। आप के मंत्री के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला अगस्त 2017 में सीबीआई द्वारा उनके और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी से उपजा है।

दरअसल, सत्येंद्र जैन को हवाला मामले में ईडी ने 30 मई को कई घंटों की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। जैन पर फर्जी कंपनियों के जरिए लेन-देन करने का आरोप है। जैन को पहले हिरासत में लिया गया था और फिर पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी वीजा बनाने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

नोयडा। थाना फेस-1 पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी वीजा बनाने वाले तीन अभियुक्तों आशुतोष पान्डेय पुत्र त्रिभुवन नाथ पान्डेय निवासी मकान नंबर 19 गली नंबर 1 अलोपी बाग थाना दारागंज जिला प्रयागराज वर्तमान निवासी मकान नंबर 136बी ब्लाक न्यु अशोक नगर थाना न्यु अशोक नगर दिल्ली, प्रवीण कुमार गोड उर्फ विक्रान्त पुत्र कैलाश कुमार निवासी हिमालय इंनक्लेव सिटी हॉस्पिटल के पास खोड़ा थाना खोड़ा जिला गाजियाबाद, इमरान खान पुत्र सुलेमान खान निवासी गली नंबर -3, 25 फुटा रोड बुद्विहार बहरामपुर छिजारसी नोएडा को थाना क्षेत्र के कम्पनी डी-43 सेक्टर-2 नोएडा से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 15 पासपोर्ट और चार फर्जी वीजा बरामद किए है।

## शहीद भगत सिंह फुटबॉल कप का आयोजन करवा रही दिल्ली सरकार

विवेक राय

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार राजधानी में खेलों को बढ़ावा देने के के लिए शहीदे-आजम भगत सिंह को समर्पित करते हुए शहीद भगत सिंह फुटबॉल कप का आयोजन करवा रही है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार के शिक्षा व खेल निदेशालय द्वारा आयोजित किए जा रहे इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में पहली बार दिल्ली के फुटबॉल क्लब्स को एक साथ लाकर इतने बड़े स्तर पर लाकर टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, इससे दिल्ली में फुटबॉल कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से न केवल दिल्ली को फुटबॉल के क्षेत्र में अव्वल लाने में मदद मिलेगी बल्कि हम फुटबॉल के उभरते सितारों की पहचान भी कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने खेल में मेहनत करें शानदार प्रदर्शन करें, दिल्ली सरकार उन्हें सुविधाओं की कमी नहीं होने देगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं है। हमारे युवा सपना देखे दिल्ली सरकार वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं मुहैया कर उनके सपनों को पूरा करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले कुछ सालों में त्यागराज स्टेडियम, छत्रसाल स्टेडियम, ईस्ट-विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, पूंठ कलां व बवाना में राजीव गाँधी आदि स्टेडियमों में शानदार सुविधाएं विकसित की है।

साथ ही साथ सरकार ने सरकार द्वारा फुटबॉल को बढ़ावा और खिलाडियों को वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं देने के लिए कैर, मुन्डेला व आनंदवास में इंटरनेशनल मानकों के तीन आर्टिफीसियल फुटबॉल ग्राउंड भी विकसित किए गए हैं।

## ओयो होटल में कमरा बुक कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे निकालने वाले गैंग के दो अभियुक्त गिरफ्तार

नोयडा । थाना सेक्टर-63 पुलिस ने सोमवार को ओयो होटल में कमरा बुक कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे निकालने वाले गैंग का पर्दाफाश कर दो वांछित अभियुक्तों अजय कुमार पुत्र भारतवीर निवासी भैंसा थाना मवाना जनपद मेरठ वर्तमान पता मकान नंबर 580 निति खण्ड इन्द्रापुरम गाजियाबाद,रिंकू पुत्र सूरज निवासी नीमका थाना जेवर जेवर गौतमबुद्धनगर वर्तमान पता मकान नंबर 101, रिषिपालपुरी हापुड़ मोड़ थाना विजय नगर गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के बहलोलपुर अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।उपरोक्त अभियुक्तगण थाना सैक्टर 63 पर पंजीकृत मुकदमा अपराध 242/22 धारा 420, 467,468, 471 भादवि में वांछित चल रहे थे।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने धोखाधड़ी कर निकाले गये 79,000 रूपये नगद, 23 सिम,20 एटीएम कार्ड,एक पेटीएम कार्ड, चार मोबाइल फोन,पाँच आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद किया है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।जिनके दो अन्य साथी भी इस घटना में शामिल है। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि इस धोखाधड़ी को अंजाम देने में हमारे दो साथी राहुल व आदित्य भी शामिल हैं। हम चारों लोग मिलकर एक गैंग चलाते है तथा चारों मिलकर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर मजदूर तथा कम पढे लिखे लोगों को झांसे में लेकर सिम खरीदकर फिनों बैंक में सिम के माध्यम से खाते खुलवाकर ओयो होटल में कमरा बुक कराने के नाम पर फर्जी एकाउण्ट में पैसे हस्तांतरित करा लेते है। और उस पैसे को यूपीआई व एटीएम के माध्यम से निकाल लेते है। जो एटीएम कार्ड, आधार कार्ड व सिम कार्ड बरामद हुए है हम इन्ही के माध्यम से पैसा निकालते थे तथा जो 79,000 रूपये हमसे बरामद हुए है वो भी जनता के लोगो से धोखाधड़ी करके खाते में हस्तांतरित कराये गये है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।

## दिल्ली में इस साल 35 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य : राय

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि केजरीवाल सरकार ने अपने इस कार्यकाल में दो करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है जिसके तहत इस साल 35 लाख पौधे लगाए जाएंगे।



श्री राय ने सोमवार को सेंट्रल रिज में 'वन महोत्सव' की शुरूआत करने के बाद पत्रकारों से कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा उठाए गए तमाम उपायों के परिणामस्वरूप दिल्ली के अंदर हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर ) में काफी इज़ाफ़ा देखा गया है। दिल्ली में जहाँ साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसद था वहीं केजरीवाल सरकार के प्रयासों के कारण, साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है। समर एक्शन प्लान के 14 बिन्दुओ में शामिल वृक्षारोपण महाअभियान को गति देने के लिए आज सेंट्रल रिज से वन महोत्सव की शुरूआत हो रही है और अगले 15 दिनों तक दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में इस महोत्सव के तहत वृक्षारोपण का महा अभियान चलाया जाएगा। पंद्रह दिनों तक चलने वाले इस समारोह का समापन 25 जुलाई को असोला भाटी माइन्स में एक लाख से अधिक पौधों को लगाकर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने और दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस साल वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 35 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है जिसे सभी सम्बंधित 19 विभागों की हरित एजेंसी द्वारा पूरा किया जाएगा। इस अभियान के तहत लगभग 29 लाख पौधे लगाए जाएंगे और साथ ही लगभग सात लाख पौधों का मुफ्त वितरण किया जाएगा। पर्यावरण एवं वन मंत्री ने बताया कि इस महा वृक्षारोपण अभियान के तहत दिल्ली को विलायती किकर से भी मुक्त किया जाएगा।

दिल्ली में विदेशी कीकर की बढ़ती संख्या को देखते हुए , जैव विविधता संवर्धन के माध्यम से सेंट्रल रिज की पारिस्थितकी बहाली का कार्य शुरू किया गया हैं। दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए विभाग की ओर से इस कार्य की शुरुआत पहले चरण में 10 हेक्टेयर भूमि पर की जा चुकी है और आगे इस अभियान के तहत साढ़े सात हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र को पुनर्बहाल किया जाएगा।

## संपादकीय

# जारी है यौन शोषण व धर्मांतरण का लवजेहाद !

सरकार बेटी बचाओ बेटी पढाओ और महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान की हिफाज़त व लवजेहाद पर काबू पाने के कितने भी दावे पेश करे लेकिन स्थिति सुधर नही पा रही है। लवजेहाद की मुहिम में शामिल जेहादी लगातार प्रदेश और देश भर में अपने गंदे मिशन को चला रहे हैं। यूपी में आए दिन धर्म परिवर्तन कर लड़कियों को प्रताड़ित करने के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बरेली जिले से सामने आया है। जहां एक छात्रा का कंप्यूटर कोचिंग पर एक युवक से दोस्ती हो गई। युवक ने हिंदू बनकर छात्रा से दोस्ती की थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्यार हो गया और नजदीकियां बढ़ गईं। छात्रा को लवजेहाद वाले फार्मूले की तर्ज पर ही इमरान नामक मुस्लिम युवक ने नाम बदलकर खुद को हिंदू बताते हुए सुरेंद्र बनकर शिकार बनाया। युवक ने छात्रा से संबंध भी बनाए। इसके बाद ब्लेक मेल कर छात्रा का धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह किया। इसके बाद युवक ने छात्रा को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। उसे जबरिया बीफ (भैंस का मीट) खिलाया गया। छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट भी की गई। अब उत्पीड़न करके उसे जान मारने की धमकी दी जा रही है। थाना इज्जतनगर में छात्रा की ओर से आरोपियों के खिलाफ लव जेहाद की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इज्जतनगर में बिहार मान नगला की रहने वाली सरिता ने आरोप लगाया है कि वह कंप्यूटर का कोर्स कर रही थी। इसी दौरान उसे इमरान मिला। उसने अपना नाम सुरेंद्र सिंह बताया। दोस्ती मेंफंसाकरउसने कई बार संबंध बनाये। बाद में उसने अपना नाम इमरान खान बता कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। मना करने पर उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 26 मई 2020 को जबरदस्ती ब्लैकमेल कर उसने निकाह किया। सरिता का नाम सानिया खान रख दिया। पीड़िता इसे ही अपनी किस्मत मानकर वह सब सहती रही, क्योंकि उसके पास और कोई ठिकाना नहीं बचा था। आरोप है कि इमरान खान अपनी मां रिफत बी, भाई मिसिरयार खान, खुर्शीद खान, इरशाद खान बहनोई आफताब, मोइन खान के साथ रहने लगा। आरोपियों ने उसे जबरदस्ती भैंस का मांस खिलाया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। कहा कि बगैर मीट खाए मुस्लिम नहीं बन पाएगी। मीट नहीं खाना है तो इमरान को छोड़ दो। इसको लेकर कई बार उसकी पिटाई लगाई। मुस्लिम धर्म अपनाने को लेकर इमरान खान ने सरिता का जीवन लव जिहाद करके बर्बाद कर दिया है। मामले की शिकायत उसने थाना पुलिस से की। इज्जतनगर थाने में बिहार मान नगला के इमरान खान और उसके परिवार वालों समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। गौर तलब है कि यूपी में लवजेहाद नियंत्रण के लिए कानून लागू होने के बावजूद कुछ लोग लगातार हिन्दू लडकियों को नाम बदल कर अपनी पहचान छिपा कर प्यार के जाल में फंसा कर लवजेहाद कर रहे हैं यह सब बहुत सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है।पिछले माह एक अन्य मामला लखनऊ से सामने आया था एक कोचिंग में पढ़ाई करने वाली छात्रा को दोस्ती के जाल में फंसा कर यौन शोषण का मामला दर्ज कराया गया। प्राथमिकी के मुताबिक छात्रा ठाकुरगंज स्थित एक कोचिंग में पढ़ती थी। कोचिंग में साथ पढ़ने वाले हरदोई रोड निवासी युवक ओसामा से दोस्ती हो गई। पीड़िता के मुताबिक ओसामा अक्सर उसे घूमने के लिए कहता था लेकिन वह जाने को तैयार नहीं होती थी। करीब चार वर्ष पूर्व ओसामा एक मकान में नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर जबरन संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा देकर शांत कर दिया। छात्रा को मिलने से मना करने पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। जिसके कारण छात्रा ओसामा की बात मानने को विवश हो जाती थी। छात्रा के पिता का आरोप है कि एक महीने पूर्व बेटी ने फांसी लगाने का प्रयास किया था लेकिन समय रहते उसे रोक लिया गया था। छात्रा ने ओसामा की करतूत परिवार वालों को बता दी थी। पिता के मुताबिक वह ओसामा के घर गए थे।

# कैनेडी के बाद अब आबे को भी याद रखेगा भारत

**आर.के. सिन्हा**

भारत के परम मित्र और हितैषी जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की जापान के एक छोटे से शहर में रेलवे स्टेशन के बाहर लगभग सौ लोगों की एक छोटी सी सभा को संबोधित करते हुए 8 जुलाई को गोली मारकर हत्या की दिल दहलाने वाली घटना ने अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी की 22 नवंबर,1963 को डलास हुई में हत्या की यादें ताजा कर दी हैं। कैनेडी की तरह भारत अब शिंजो आबे को भी सदैव अपने एक सच्चे मित्र के रूप में याद रखेगा। अजीब इत्तिफाक है कि भारत को चाहने वाले दो देशों के शिखर नेताओं का अंत इतने भयावह रूप में हुआ। निश्चित रूप से शिंजो आबे के आकस्मिक निधन से भारत-जापान संबंधों का एक मजबूत स्तंभ गिर गया है। वे जापान के प्रधानमंत्री के रूप में चार बार भारत आए। उन्हें भारत ने भी दिल खोलकर प्रेम-सम्मान दिया। जिस विरासत को सहेजकर रखने की जिम्मेदारी आबे को मिली थी, आबे ने उसे और मजबूत किया। वाराणसी के घाटों पर गंगा आरती में शरीक होना हो या बुलेट ट्रेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के भविष्य की झलक दिखाना, आबे वह चेहरा रहे हैं, जिसमें भारतीयों को उम्मीद नजर आती थी। वह उन दुर्लभ नेताओं में से एक थे जिन्हों ने न सिर्फ जापान को आर्थिक महाशक्ति बनाया, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों से भी कुशलतापूर्वक निपटे। अब बुजुर्ग हो रहे हिन्दुस्तानियों को याद होगा कि 1962 के युद्ध के वक्त अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने भी खुलकर भारत का साथ दिया था। उनका भी सारा विश्व सम्मान करता था। पंडित नेहरु के आग्रह पर ही सही पर उन्होंने चीन को तब साफ और खुले शब्दों में समझा दिया था कि यदि उसने युद्ध विराम नहीं किया तो अमेरिका भी युद्ध में कूद पड़ेगा। उसके बाद चीन ने 20 नवम्बर 1962 को युद्ध विराम किया था और साथ ही विवादित क्षेत्र से अपनी वापसी की घोषणा भी की थी। तब कहीं जाकर युद्ध खत्म हो गया था। यह भी याद रखा जाए कि उस युद्ध के दौरान भारत में अमेरिका के राजदूत जॉन के. गेलब्रिथ भारत सरकार को सलाह दे रहे थे कि उसकी समर नीति किस तरह की रहे। कैनेडी और गेलब्रिथ परम मित्र थे। अगर शिंजो आबे बार-बार भारत आते रहे, तो कैनेडी राष्ट्रपति के रूप में एक बार भी भारत नहीं आए। कैनेडी को 1964 के शुरू में भारत की सरकारी यात्रा पर आना था। तब उनका राजधानी में 1990 के अंत में पूरी तरह से अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग को देखने का कार्यक्रम तय था। बीसवीं सदी के महानतम आर्किटेक्ट माने जाने वाले फ्रेंक लायड राइट कहते थे कि स्थापत्य की दृष्टि से अमेरिकी एंबेसी भवन अद्वितीय है। जाहिर है, राइट की टिप्पणी के बाद कैनेडी को पता चल ही गया था कि नई दिल्ली में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग अमेरिकी आर्किटेक्ट एडवर्ड डुरेल स्टोन की रचनाधर्मिता का चरम है। सच में 27 एकड़ में बनी अमेरिकी एंबेसी अपने आप में उत्कृष्ट है। कैनेडी इसे देखकर प्रसन्न अवश्य होते। पर अफसोस कि कैनेडी की डलास में हत्या कर दी जाती है। उनकी अकाल मृत्यु से दुनिया स्तब्ध हो गई। इस तरह वे राष्ट्पति पद पर रहते हुए तो भारत नहीं आ सके। वैसे वे 1955 में भारत घुमने के लिए जरूर आए थे। पर श्रीमती जैक्लीन कैनेडी 12-21 मार्च,1962 को भारत यात्रा पर आईं थीं। उनकी उस यात्रा की सारी तैयारी जॉन कैनिथ गेलब्रिथ देख रहे थे। जापान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले कार्यकाल में ही शिंजो आबे ने भारत का दौरा किया। उस वक्ता यूपीए की सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री। 22 अगस्त। 2006 को भारतीय संसद में उनका संबोधन दो समुद्रों के मिलन के रूप में जाना जाता है। इसी भाषण में आबे ने मुक्तम और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की वकालत की थी। अगले कुछ दिनों में, जापान ने पूर्वोत्तर भारत में निवेश शुरू कर दिया।

# परिवारवादी दलों की राजनीति से ऊबने लगी है जनता

**अजय कुमार**

शिवसेना हिन्दूवादी पार्टी कहलाती है लेकिन इसके नेता उद्धव ठाकरे ने विधानसभा चुनाव से पहले ही पुत्र आदित्य ठाकरे को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने की योजना बनाई थी। अपनी योजना के लिए उद्धव ठाकरे ने दूसरी हिन्दुत्ववादी पार्टी भाजपा से 30 साल पुराने संबंध तोड़ लिये।

भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके मंत्रिमण्डल के सहयोगी आजकल परिवारवाद की सियासत को लेकर काफी गंभीर नजर आ रहे हैं। जब भी मोदी या बीजेपी नेता जनता के बीच जाते हैं या फिर मीडिया से मुखातिब होते हैं तो परिवारवाद से देश को होने वाले नुकसान की चर्चा करना नहीं भूलते हैं। जिस राज्य में वह जाते हैं उस राज्य में फैले परिवारवाद की राजनीति को निशाना बनाते हैं। बीजेपी नेता विपक्षी दलों के परिवारवाद पर तो हमला करते ही हैं, यह भी बताते हैं कि राजनीति में पुत्र मोह की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। इससे फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। इसके कई उदाहरण देश में मौजूद हैं। पुत्र मोह के चलते हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे ने अपने भतीजे और उनके (बाला साहब) सियासी उत्तराधिकारी समझे जाने वाले राज ठाकरे की जगह अपने बेटे उद्धव ठाकरे को शिवसेना की कमान सौंप दी थी, जबकि उद्धव की राजनीति में कोई रूचि नहीं थी। वह वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर थे और उसी में खुश नजर आते थे जबकि बाला साहब के भतीजे राज ठाकरे सियासत में रूचि रखते थे। इस बात का आभास बाला साहब को था भी, लेकिन चाचा बाला साहब के पुत्र मोह में भतीजे राज ठाकरे सियासी ठगी का शिकार हो गए। पुत्र मोह के चलते ही एक बार फिर से शिवसेना का अस्तित्व संकट में आ गया है। अबकी से शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के पुत्र मोह ने सेना को चौराहे' पर खड़ा कर दिया है। उद्धव को अपना सियासी अस्तित्व बचाना मुश्किल हो गया है। उद्धव के पुत्र मोह के चलते उनके सबसे वफादार नेता एकनाथ शिंदे और करीब 38 अन्य विधायकों ने पार्टी से नाता तोड़कर न केवल अपना अलग गुट बना लिया, बल्कि उद्धव ठाकरे से सत्ता छीन कर एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री भी बन गए हैं।

बहरहाल, भारतीय राजनीति में पुत्र मोह के चलते पार्टी के पतन का यह कोई पहला मामला नहीं है। शिवसेना इसका सबसे ताजा उदाहरण जरूर है। इससे पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने अपने पुत्र अखिलेश यादव को सियासत में आगे बढ़ाने के लिए अपने ही दो भाइयों को आमने-सामने खड़ा कर दिया था। एक और शिवपाल सिंह यादव ने अखिलेश यादव के खिलाफ ताल ठोंकी तो दूसरी ओर प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने अखिलेश यादव को हर तरह से सहारा देकर पार्टी का राष्ट्रीय अध्याय बनाने में पूरी तरह से मदद की। इसका असर यह हुआ कि पार्टी इस महाभारत का शिकार हो गई और जनता के बीच जो साख बन रही थी वह खत्म हो गई। समाजवादी पार्टी की दुर्गति लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लोग देख ही चुके हैं। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के कुनबे में सत्ता का संघर्ष इसी तरह हुआ और लालू प्रसाद यादव अपने पुत्रों के बीच कोई ठोस फैसला नहीं कर सके। जब उनके पुत्र बालिग नहीं हुए थे तब जेल जाने से पूर्व अपनी कुर्सी पत्नी राबड़ी देवी को सौंप दी थी।

कांग्रेस का नाम लिए बिना पुत्र मोह की सियासत पर चर्चा पूरी नहीं हो सकती है। कांग्रेस तो नेहरू-इंदिरा



परिवार की विरासत ही समझी जाती है। कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर ज्यादातर समय नेहरू-गांधी परिवार का कब्जा रहा। सोनिया गांधी के पुत्र मोह ने कांग्रेस को अर्श से फर्श पर पहुंचा दिया है। उत्तर प्रदेश जहां से कांग्रेस ने दिल्ली की राजनीति में जड़े जमायी थीं, वह यूपी आज कांग्रेस विहीन हो गया है। यूपी में कांग्रेस को कोई पूछने वाला नहीं है। यूपी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व चेयरमैन और पूर्व एमएलसी सिराज मेहंदी से एक बार जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पुत्र मोह में फंसी हैं, जिसके कारण राहुल और प्रियंका कांग्रेस को बर्बाद करने में लगे हैं। सिराज मेहंदी ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा यूपी में लल्लू को कांग्रेस अध्यक्ष बना दिया गया, जिनकी अपनी ही छवि नहीं सही थी, वह कांग्रेस को कैसे उभार सकते हैं।

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती जो सियासी परिवारवाद के सख्त खिलाफ थीं, उनको जब पार्टी संभालने के लिए किसी विश्वासपात्र जरूरत पड़ी तो उन्हें भतीजे का नाम सबसे अधिक समझ में आया। 2019 में बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने अपने छोटे भाई आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भतीजे आकाश को नेशनल कार्डिनेटर बनाकर कटोरी का घी थाली में गिराने का काम कर लिया। बीएसपी संगठन में बदलाव से ज्यादा चर्चा मायावती के भतीजे आकाश को लेकर हुई। युवा आकाश को मायावती का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। आकाश के सक्रिय राजनीति में उतरने से यूपी की राजनीति में एक और युवा चेहरे की आधिकारिक एंट्री हो गई। आकाश मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के पुत्र हैं। शिवसेना की बात की जाए तो 15 साल तक राज करने वाली सेना की आज हालत दयनीय बनी हुई है। महाराष्ट्र में शिवसेना प्रमुख हिन्दूवादी पार्टी कहलाती है लेकिन इसके नेता उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले ही अपने पुत्र आदित्य ठाकरे को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने की योजना बनाई थी। अपनी योजना के लिए उद्धव ठाकरे ने दूसरी हिन्दुत्ववादी पार्टी भाजपा से 30 साल पुराने संबंध तोड़ लिये। हालांकि संबंध तोड़ने के बाद कांग्रेस और एनसीपी ने आदित्य ठाकरे पर भरोसा नहीं किया और उद्धव ठाकरे को ही मुख्यमंत्री बनने के लिए विवश कर दिया। अब उनकी पार्टी की साख को बट्टा लग गया है। इस साख को बचाने के लिए ही बार-बार वह स्वयं को हिन्दुत्ववादी पार्टी कह रहे हैं। साथ ही अयोध्या का दौरा करके राम मंदिर निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये देने का ऐलान भी किया है।

पुत्र मोह का एक और बड़ा उदाहरण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मिलता है। वो है राष्ट्रीय लोकदल के सुप्रीमो चौधरी अजित सिंह का। चौधरी अजित सिंह, उन चौधरी चरण सिंह की इकलौती संतान थे, जिन्होंने अजित सिंह की जगह हेमवती नंदन बहुगुणा और मुलायम सिंह यादव को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी कहा था। चौधरी चरण सिंह ने सियासत के लिए वंश नहीं बल्कि योग्यता को तरजीह दी थी। लेकिन अजित सिंह ने अपने पिता चौधरी चरण सिंह की इस सीख से मुंह मोड़कर अपने पुत्र जयंत चौधरी के अलावा किसी अन्य नेता को आगे बढ़ने का मौका नहीं दिया। इसके चलते राष्ट्रीय लोकदल इन्हीं दोनों पिता-पुत्र के बीच सिमटकर रह गया।

हरियाणा में चौधरी देवी लाल का भारतीय राजनीति में अच्छा खासा दबदबा था। उनके बेटे ओम प्रकाश चौटाला ने भी अपने पुत्र मोह में अपने ही दल का बंटाधार कर लिया। किसान राजनीति के सिरमौर माने जाने वाले देवीलाल के रुतबे की बदौलत ओम प्रकाश चौटाला ने हरियाणा में राज किया लेकिन वह बेटों को लेकर राजनीति के जिस झंझावात में फंसे, उससे उनके दल की दशा दलदल-सी हो गई। पंजाब में सबसे युवा और सबसे बुजुर्ग मुख्यमंत्री का तमगा हासिल करने वाले अकाली दल के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल की राजनीति भी पुत्रमोह का शिकार हो गई और उनका दल पंजाब की सत्ता में पुन: आने के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन बादल के पुराने वोटर अब उनके दल पर पहले जैसा विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। इन प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान ने भी अपने बेटे चिराग पासवान को आगे बढ़ाया और उनके दल की सियासत का हाल आज सबके सामने है। इसी तरह से झारखंड में चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बनने वाले हेमंत सोरेन को राजनीति अपने पिता शिबू सोरेन से विरासत में मिली है। कांग्रेस के धाकड़ नेता रहे अजीत जोगी ने छत्तीसगढ़ में अपने बेटे अमित जोगी को आगे बढ़ाने की कोशिश की। हालांकि उनके बेटे ने विधानसभा के सदस्य तक का सफर तो आसानी से तय कर लिया लेकिन इसके आगे की कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं कर सके हैं। पिछले दिनों महाराष्ट्र की सियासत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। सत्ता के खेल में बगावत-वफादारी, शर्म-बेशर्मी, गाली-गलौच, छल-प्रपंच, धमक-धमकी सब कुछ सरेआम सड़क पर 'नंगा नाच' कर रही थी। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री की कुर्सी की चाहत और पुत्र आदित्य ठाकरे के मोह में फंसकर अपना मान-सम्मान सब कुछ खत्म कर लिया। आदित्य ठाकरे जो उद्धव सरकार में कैबिनेट मंत्री थे पूरे ढाई वर्ष तक विवादों में घिरे रहे। जहां तक महाराष्ट्र की सियासत का सवाल है तो पिछले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा-शिवसेना गठबंधन को सत्ता और कांग्रेस एवं शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस दोनों को ही विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया था।

# कोई पैसे से अमीर-गरीब नहीं होता, मन से अमीर या गरीब होता

**विजय गर्ग**

सीखने की प्रक्रिया के दो आयाम हैं। एक कहता है कि कड़ी मेहनत करो और कुछ पा लो, दूसरा कहता है कि सायास कुछ मत करो, जो जैसा हो रहा है उसे वैसा होने दो। सायास कुछ न करने के गणित को समझने के लिए पहले सायास करना जरूरी है। यह ठीक वैसा ही है जैसे निर्विकार को समझने के लिए पहले किसी आकार पर ध्यान केंद्रित करना पड़ता है। किसी दृष्टिहीन को दृष्टि नहीं मिल जाती तब तक उसकी छड़ी ही उसका सहारा होती है, वैसे ही सायास और अनायास की प्रक्रिया है। दृष्टि मिल जाने पर आपको सायास किन्हीं वस्तुओं को टटोलना नहीं पड़ता, वे आपकी आंखों के सामने अनायास आ जाती हैं, आपको सामने रखी वस्तु दिख जाती है।

अगर एक बार आपको अनायास करने की आदत लग जाती है, तो चीजें अधिक आसान हो जाती हैं, क्योंकि तब आप किसी दूसरी वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिति, स्थान आदि को अपने से ऊंचा दर्जा नहीं देते। सब समान हैं और सबके लिए समान हैं तो आपके लिए भी वह संभव हो जाता है, जो किसी और के लिए संभव हो सकता है। मार्शल आर्ट में हमेशा कहा जाता है कि शरीर को ढीला छोड़ो, तब ऊर्जा का प्रवाह आसानी से हो सकता है।

शरीर हो या अन्य कोई चीज, जब आप उसे ढीला छोड़ देते हैं कि जैसा होना है, होने दो तो जल, विद्युत, वायु के प्रवाह की तरह वह प्रवाह आसानी से होने लगता है। प्रवाह कभी एक समान नहीं रहता, वह आपको सचेत करता रहता है कि तब ऐसा था और अब ऐसा है। प्रवाह को रोकने की कोशिश करने पर विस्फोट होने की आशंका अधिक होती है, इसलिए उसे बहते रहने देना है, सायास न रोकना है, न बंद करना है, न उसके आड़े आना है।

इस स्थिरता को बनाए रखने के लिए आपको यह मानना होगा कि आप जो चाहते थे, वह आपके पास है। किसी चीज की आस नहीं करनी कि ऐसा होगा तो वैसा हो जाएगा, बल्कि इसके विपरीत सोचना है कि अगर वैसा हो जाता है तो आप कैसा व्यवहार करेंगे और वैसा व्यवहार करना है। कहते हैं कि कोई पैसे से अमीर-गरीब नहीं होता, मन से अमीर या गरीब होता है। अपने आप पर संदेह न करें कि हम ऐसा कर सकेंगे या नहीं, न ही अपने आप को रोकना है। आप अगर अच्छा महसूस करने लगेंगे तो आप किसी बात को लेकर उत्साहित भी होंगे अन्यथा निराशा आपको कब घेर लेगी, पता भी नहीं चलेगा। उत्साह है, इसका अर्थ है कि आप सही मायने में जी रहे हैं। खींच-तानकर अगर आप अपने भीतर उत्साह ला रहे हैं तो वह उत्साह नहीं, उसका छलावा है और छलावों से हमें बचना है।

उत्साहित, उल्ससित होना ही जीवन है। यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है और न ही हर समय खुश और उत्साहित रहना असंभव है। उत्साहित बने रहना इस बात का प्रतीक है कि आप जिस बात में विश्वास करते हैं उसके प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं। आप अपने अच्छे दिनों को लेकर सोचिए। उन अच्छे दिनों को जीते रहिए, उन्हें याद कीजिए, बुरे दिन, बुरी घटनाओं को नहीं। हमेशा से कहा जाता रहा है कि अगर आप किसी को हरा नहीं सकते तो उनके साथ हो लीजिए। इसका अर्थ है कि सहजीवन और साहचर्य के अर्थ को नए सिरे से समझिए।

अगर आप कुछ जान नहीं पा रहे तो उसे लेकर भी हताश मत होइए। ठीक है कि कई बातों से हम अनजान होते हैं, मगर अनजाने के साथ वैसे जीने का हुनर आना चाहिए जैसे हम उसे भली-भांति जानते हैं। मत भूलिए कि आप जो चाहते हैं वह पहले से मौजूद है। आप इस दुनिया का एक हिस्सा हैं तो दुनिया में जो है आप उससे बाहर कुछ नहीं चाह सकते। चिंता और संदेह को दूर कर दीजिए। अधैर्य के बजाए धीरज से काम लीजिए। वर्तमान पर ध्यान केंद्रित कीजिए और जोखिम उठाने की हिम्मत कीजिए। आप जो चाहते हैं वह होकर रहेगा, कैसे, कब इसकी चिंता करने की कोई तुक नहीं है।




# हरियाली महोत्सव : युवाओं को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने में सक्षम बनाने वाले पेशों को, अपनाने की भावना को आत्मसत करने की ज़रूरत



वैश्विक स्तरपर आज दुनिया का हर देश भारतीय लोगों की अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का एहसास महसूस कर रहा है जिसके अनेक कारणों में से कुछ कारणों में सबसे महत्वपूर्ण कोविड-19, पर्यावरण सुरक्षा और कौशलता विकास में आई समस्याओं में संसाधनों का समझदारी भरे रणनीतिक उपयोग का सार दुनिया को दिखाया है कि, कैसे सीमित संसाधनों से 135 करोड़ जनसंख्या का इस भयंकर महामारी कोरोना और मानवीय जीवन को गंभीर बनाने वाले पर्यावरण क्षेत्र में जोरदार आगाज़ के साथ उपलब्धियां प्राप्त कर रहा है!! जिसका आगाज़ केंद्रीय परिवहन जलमार्ग मंत्री द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2022 को अपने बयान में दावा किया कि आने वाले 5 वर्षों में देश में आपके वाहन पेट्रोल के बजाय ग्रीनफ्यूल पर ही दौड़ेंगे और पेट्रोल का उपयोग नहीं होगा!! ग्लासगो में कॉप-26 में की गई घोषणाओं लाइफस्टाइल ऑफ इन्वायरमेंट में हम खरे उतरने की दिशा में जोरदार कदम उठा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम पर्यावरण जलवायु मंत्रालय द्वारा 8 जुलाई 2022 को मनाए गए हरियाली महोत्सव की करें तो इसके जरिए पर्यावरण सुरक्षा के प्रति देश के जोश को सेलिब्रेट किया गया और नागरिकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 75 नगर वनों, 75 पुलिस प्रतिष्ठानों के आस पास 75 किमी लंबी सड़क किनारे, दिल्ली के 75 स्कूलों में और देश भर की 75 डीग्रेड हो चुकी जगहों में वृक्षारोपण गतिविधियां की गईं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि लोग न सिर्फ इसका स्वागत कर रहे हैं बल्कि प्रकृतिके संरक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक।मेरा मानना है कि इस तरह का हरियाली महोत्सव रोज़ अलग-अलग क्षेत्रों में मनाने की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम पर्यावरण मंत्री के संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने,1 जुलाई से सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंधके महत्व को रेखांकित किया और इसके पूर्ण कार्यान्वयन में देश के नागरिकों से साझा जिम्मेदारी का अनुरोध किया और उन्होंने उन प्रयासों के बारे में जानकारी भी दी जो पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ भविष्य के लिए वैकल्पिक समाधान निर्मित करने की दिशा में किए जा रहे हैं। भारत में समृद्ध जैव विविधता है और विभिन्न मानवजनित चुनौतियों का सामना करने के बावजूद ये देश 52 टाइगर रिजर्व और 31 हाथी रिजर्व और कई अन्य स्थानिक, जीवंत वन्यजीवों और समृद्ध जंगलों से संपन्न है।

सीओपी 26 में माननीय पीएम ने घोषणा की थी, उसी लीक पर चलते हुए 175 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य देश द्वारा पहले ही हासिल कर लेने और 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा के निर्माण के नए लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ने में राष्ट्र के प्रयासों की उन्होंने सराहना की। भारत ने 2030 तक अक्षय ऊर्जा से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत हिस्सा पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई हुई है। उन्होंने पीएम द्वारा शुरू की गई मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की उपलब्धियों और लाभों को भी साझा किया। अब तक लगभग 23 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं जो मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सतत पर्यावरण को लेकर पीएम के आह्वान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि न सिर्फ हमें तरक्की करने, ऊर्जा प्रदान करने, लोगों को सम्मानजनक जीवन देने की जरूरत है, बल्कि साथ ही हमें पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेने की जरूरत भी है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी है, फिर भी उसके कार्बन उत्सर्जन का हिस्सा केवल 4 प्रतिशत है, वहीं अन्य विकसित देशों में इतने ही प्रतिशत वाली जनसंख्या का कार्बन उत्सर्जन लगभग 60 प्रतिशत है। इसलिए भारत ने दुनियाको संसाधनों के समझदारी भरे उपभोग का सार दिखाया है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे ऐसे पेशे अपनाएं जिससे वे हरित ऊर्जा की दिशा में काम कर सकें।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय परिवहन जलमार्ग मंत्री द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2022 को एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो उन्होंने, दावा किया है कि आने वाले 5 सालों में देश में आपके वाहन पेट्रोल के बजाय ग्रीन फ्यूल पर दौड़ेंगे।

उनके हवाले से कहा गया है कि अगले 5 वर्षों में देश में पेट्रोल का उपयोग नहीं होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि महाराष्ट्र के विदर्भ जिले में बन रहे बायो-एथेनॉल का इस्तेमाल वाहनों में किया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में देश के ऑटो इंडस्ट्री को पारंपरिक फ्यूल (पेट्रोल-डीजल) के बजाय इथेनॉल, मेथनॉल, ग्रीन हाइड्रोजन और अन्य ईंधन विकल्पों वाले वाहनों के निर्माण पर जोर देने को कहा था। जिसके बाद होंडा मोटरसाइकिल स्कूटर इंडिया जैसी कंपनियां पेट्रोल के बजाय एथनॉल फ्यूल से चलने वाले वाहनों पर काम करना शुरू भी कर चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि, पेट्रोल के लिए खर्च किए जाने वाले 115 रुपये प्रति लीटर की तुलना में, 65 रुपये प्रति लीटर पर इथेनॉल एक आम व्यक्ति के लिए एक बहुत ही लागत प्रभावी ईंधन साबित होगा। उन्होंने किसानों को केवल खाद्य प्रदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जा प्रदाता बनने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान सिर्फ गेहूं, चावल, मक्का लगाकर अपना भविष्य नहीं बदल सकता।

इसलिए उन्हें ऐसे फसलों पर भी काम करना चाहिए जिससे उर्जा की समस्या से भी निजात पाया जा सके। बता दें कि, उन्होंने इससे पहले भी कई बार अलग अलग मौकों पर पारंपरिक ईंधन (पेट्रोल-डीजल) पर निर्भरता कम करने और दूसरे ईंधन विकल्पों पर काम करने पर जोर दिया है।

## मत डर जो अंधेरी रात हैं

मत डर जो अंधेरी रात हैं
होनें वाली अब प्रभात हैं,
ये अन्त नही हैं ज़ीवन का
हर सूबह नई शरुआत हैं।
हैं अंधकार अब लुप्त हुआ
हर ओर प्रकाश अब़ होना हैं
उठकर बढना हैं आगे हमे,
न देर तलक़ अब सोना हैं,
तेज़ चमकना हैं हमक़ो
सूरज़ की किरण हैं बता रहीं
पछीं की देख़ो मधूर ध्वनी
ज़ग मे हैं सबको ज़गा रही,
नई सुबह हैं नया हैं मौंका
आगे बढने के जज़्बात है
ये अन्त नही हैं ज़ीवन का
हर सूबह नई शरुआत हैं।
कभीं बादल होगे धुप कभीं
कभीं शीत लहर कभीं ताप
हीम्मत रख़ना तू संग सदा
क़रना न कभीं सताप,
आगे बढने को ज़ीवन मे
तू क़रता रह प्रयास
मेहनत तेरी रंग लायेगी
होगी पूरी हर आश,
कर ख़ुद को तु मज़बूत
कि सहनें पडते बहुत आघात है
ये अन्त नही हैं जीवन का
हर सुबह नई शरुआत हैं।

## शार्ट न्यूज

### मेरठ में इलेक्ट्रानिक शोरूम में भीषण आग, आसपास की दुकानों को खाली कराया गया



मेरठ। मेरठ में सोमवार दोपहर बच्चा पार्क के पास इलेक्ट्रानिक शोरूम में शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। शोरूम के अंदर लोगों ने भागकर किसी तरह से अपनी जान बचाई। आग ने देखते ही देखते एक अन्य लैब को भी चपेट में ले लिया। शोरूम से आग की लपटें और धुआं उठता देख व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर लालकुर्ती, सदर बाजार बाजार पुलिस मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर आसपास के पांच शोरूमों को भी खाली कराया गया। दमकल की 5 गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शोरूम के मालिक के मुताबिक, आग से करीब 5 लाख का नुकसान हुआ है।

### कांवड़ मार्ग को कराया अतिक्रमण मुक्त

**सहारनपुर।** कांवड़ियों को मार्ग में कोई परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम में कांवड़ मार्ग के अतिक्रमण पर बुलडोजर चला दिया है। अतिक्रमण को लेकर विशेष अभियान सोमवार को चलाया गया। अंबाला रोड से करीब 80 दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया। सड़क किनारें स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया। अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला गया और सामान भी जब्त किया। अंबाला रोड, देहरादून रोड, कुतुबशेर, देहरादून चौक, जेल चुंगी और राकेश कैमिकल मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम विशेष अभियान चलाया। करीब पांच किलोमीटर के मार्ग से 80 दुकानों से अतिक्रमण हटवाया गया। निगम ने दुकानदारों का सामान जब्त किया और उन पर जुर्माना भी लगाया। भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। अतिक्रमण प्रभारी कर्नल बीएस नेगी ने दुकानदारों को चेतावनी दी, यदि भविष्य में भी यदि सड़कों पर अतिक्रमण किया गया। सामान भी जब्त होगा और जुर्माना भी वसूला जाएगा। कोरोना के दो साल बाद कांवड़ यात्रा होगी। जिस कारण उम्मीद लगाई जा रही है कि इस बार लाखों की संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेने के हरिद्वार पहुंचेंगे। सहारनपुर से होकर हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और यूपी के लाखों शिव भक्त कांवड़ लेने जाते हैं। ऐसे में कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो। इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारी कर रहा है। जिन सड़कों को सीवरेज के लिए खुदवाया गया था। उन सड़कों को दुरुस्त कराया जा रहा है।

### हर घर तिरंगा फहराने के लिए तैयारी में जुटा प्रशासन

महराजगंज। महराजगंज में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफलतापूर्वक बनाने की तैयारी जोरो पर है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने अभियान के संदर्भ में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। अधिक से अधिक तिरंगा खरीदने और फहराने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि झंडे बनाने का कार्य स्थानीय स्वयं सहायता समूहों और दर्जियों को दिया जाये, ताकि उन्हें न सिर्फ अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो बल्कि वे इस अभियान से स्वयं को जुड़ा हुआ भी महसूस करें। उन्होने स्वयं सहायता समूहों को झंडे के आकार के सबंध में स्पष्ट निर्देश जारी करने के लिए कहा। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी विभागों व हितधारकों के मध्य समन्वय करते हुए अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करें। डीएम सत्येंद्र कुमार ने लोगों से भी अपील की है कि अधिक से अधिक तिरंगा खरीद कर अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर फहरायें। जिले में 11 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करना है। साथ ही स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। जनपद में न्यूनतम 3.30 लाख तिरंगा फहराने का लक्ष्य है। जिसके लिए विभिन्न स्वयं सहायता समूहों/दर्जियों को ऑर्डर दिया जा रहा है।

### बर्फानी बाबा बनाकर काशी में दी गई श्रद्धांजलि

वाराणसी। वाराणसी स्थित बड़ा देव मंदिर में व्यापारियों ने अमरनाथ जल सैलाब में मारे गए लोगों को सांकेतिक बर्फानी बनाकर श्रद्धांजलि दी गई। अमरनाथ यात्रा में जान गंवाने वालों को आज काशी में श्रद्धांजलि दी गई। अमरनाथ धाम के बर्फानी बाबा की ही तर्ज पर बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा और अर्चना कर मृतक के आत्मा के शांति की कामना की गई। वहीं घायलों के जल्द स्वस्थ होने के लिए सांकेतिक बर्फानी बाबा से प्रार्थना हुई। इस हादसे के बाद जो लोग राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं और दूसरों की मदद कर रहे हैं, उनके संबल के लिए भी भगवान से प्रार्थना की गई। आज वाराणसी के व्यापारियों के इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग जुटे। वंदे मातरम व्यापार मंडल के बैनर तले बड़ा देव मंदिर में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले बर्फ से बने शिवलिंग का पूजन, अर्चना, आरती, शंखनाद, डमरू से कर अमरनाथ यात्रा मे मृत श्रद्धालुओं के आत्म शांति की कामना की कामना की गई। वहीं घायलों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे सभी सेना, NDRF, ITBP, सहित सभी बचाओ दल का आभार व्यक्त किया गया। व्यापारियों ने कहा कि आपदा में खो गए लोगों की तलाश में हजारों की संख्या में जवान लगाए गए हैं। मलबे से लेकर ग्लेशियरों के नीचे बह रहे झरनों और नदियों में लापता लोगों की खोजबीन की जा रही है। सेना ने विशेषज्ञों की टीमों उतारी है। जवान दुर्गम इलाकों में जाकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

### 48 साल के युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

अयोध्या। अयोध्या में एक 48 साल के युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त की जा रही है। घटना अयोध्या धाम स्थित रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 की है। सोमवार सुबह में बनारस से आ रही साबरमती एक्सप्रेस के सामने एक व्यक्ति ने छलांग लगा दी। इस दौरान व्यक्ति को गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अयोध्या जीआरपी चौकी प्रभारी एके पांडे ने बताया कि मृतक व्यक्ति के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। व्यक्ति की पहचान की जा रही है। घटना के वक्त प्लेटफार्म पर एक मालगाड़ी ट्रेन खड़ी थी। जिसके चलते स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में ये घटना कैद नहीं हो सकी। रेलवे पुलिस स्टेशन पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों से ये पता लगाने में जुटी है कि सुसाइड से पहले कितने समय से प्लेटफार्म पर था। साथ ही व्यक्ति की मौत के कारणों का भी पता लगा रही है।

### महराजगंज में ऑटो और कार की भिडंत : ऑटो सवार 12 लोग घायल

महराजगंज। महराजगंज जिले में एक कार और टेंपों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 12 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल है। हादसा निचलौल-झुलनीपुर गांव के पास लगभग दोपहर 1 बजे की है। बताया जा रहा है कि एक टेंपो सवारी भर कर निचलौल से झुलनीपुर जा रहा था। इसी दौरान दूसरे दिशा से आ रही कार ने ठोकर मार दिया। जिससे टेंपो में सवार 12 लोग घायल हो गये हैं। सभी घायलों को एम्बुलेंस से निचलौल सीएचसी लाया गया है। जहां से चार गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर प्राय: दुर्घटना होती रहती है। वजह है ऑटो चालकों की मनमानी 12 से 15 सवारी भरकर चलना इनके लिए कोई बड़ी बात नही है। इस मामले में पुलिस अधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि यहां एक ऑटो में 12 लोगों को बैठाकर चलना एक गम्भीर अपराध है।

# एक ही वर्ग की आबादी बढ़ने से अराजकता होगी

## जनसंख्या का असंतुलन नहीं होना चाहिए : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ही वर्ग की आबादी बढ़ने से अराजकता होगी। जनसंख्या का असंतुलन नहीं होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि जिन देशों की जनसंख्या ज्यादा होती है वहां जनसांख्यकीय असंतुलन चिंता का विषय बनता है। क्योंकि रिलिजियस डेमोग्राफी पर विपरीत असर पड़ता है तो एक समय के बाद वहां अव्यवस्था, अराजकता जन्म लेने लगती है। इसलिए जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों से सभी मत मजहब, वर्ग, सम्प्रदाय पर एक समान रूप से जोड़ा जाना चाहिए।



विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर सोमवार को लखनऊ में सीएम आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री योगी ने जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। सीएम योगी ने कहा कि जब बात परिवार नियोजन की हो, जनसंख्या स्थिरीकरण की हो तो हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि जनसंख्या नियंत्रण के प्रयास सफलतापूर्वक जरूर हों, लेकिन कहीं भी जनसांख्यकीय असंतुलन की स्थिति न पैदा होने पाए। ऐसा न हो कि किसी एक वर्ग की आबादी बढ़ने की स्पीड ज्यादा हो और जो मूल निवासी हों, उन पर जनसंख्या स्थिरीकरण की कोशिशों से, इंफोर्समेंट से और जागरुकता प्रयासों से उनकी आबादी को नियंत्रित कर दिया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते 05 वर्ष में बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैटरनल एनीमिया में आज यह 51.1प्रतिशत से घटकर 45.9 प्रतिशत रह गया है। 05 वर्ष में फुल इम्यूनाइजेशन 51.1 प्रतिशत से बढकर लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच गया है। संस्थागत प्रसव की दर जो पहले 67-68 प्रतिशत थी, वह आज 84 प्रतिशत की ओर जा रहा है। मातृ-शिशु मृत्यु दर को नियन्त्रित करने की कोशिशों के अच्छे परिणाम मिले हैं। अंतर विभागीय समन्वय और जागरूकता की कोशिशों से प्रदेश अपने लक्ष्यों में निश्चित ही सफल होगा।

# सरयू नहर में नहाने गए 5 युवक डूबे, तीन को बचाया; दो की मौत

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में सोमवार को सरयू नहर में नहाने गए पांच युवक तेज धारा में बहने लगे। आनन फानन में ग्रामीणों ने तीन युवकों को बचा लेकिन दो अन्य की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, इस घटना के बाद मृतक युवकों के घर में कोहराम मच गया।

पुलिस के अनुसार जुडिकुइया गांव के पास बह रही सरयू नहर में सोमवार को पांच युवक नहाने गए थे और अचानक तेज धारा में पांचों युवक बहने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने तीन युवकों को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया लेकिन सोनू (24) और फैजान (28) की डूबकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष आलोक राय ने बताया कि दोनों युवकों के शव बरामद करके एवं पंचनामा कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक एस पी यादव ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें हर सम्भव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है।


### अधेड़ महिला की डंडे व बेल्ट से पिटाई, बचाने की जगह खड़े वीडियो बनाते रहे लोग

मैनपुरी। करहल थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला और उसके दो पुत्रों ने अधेड़ महिला की बुरी तरह पिटाई की। डंडे और बेल्ट से महिला को पीटा गया। इस घटना का वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों में हमलावरों के खिलाफ कड़ी नाराजगी है। हालांकि इस मामले में करहल पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। मामला करहल थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बुधुआ अहमदपुर गांव से जुड़ा है। इस गांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट की जा रही है। मीरा नाम की महिला और उसका बेटा शंकर उसे बुरी तरह से मार रहे हैं। बताया गया कि बच्चों में हुई कहासुनी के बाद मीरा नाम की महिला अपने बेटे के साथ रजवाह के किनारे पहुंची और डंडों से उसे बुरी तरह पीटने लगी। हैरानी की बात यह थी कि जो लोग वहां जमा थे वे उसे बचा नहीं रहे थे। बाइक सवार एक युवक महिला का वीडियो बना रहा था। इस पिटाई में घायल महिला लक्ष्मी घायल हुई है, उसका उपचार कराया जा रहा है। करहल पुलिस का कहना है कि मामले की कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि महिला या उसके परिजनों की तरफ से तहरीर आने पर मामले में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी और इस पर एक्शन लिया जाएगा।

# यूपी : एक-एक थाने की रेटिंग करेगी पब्लिक

## डॉयरेक्ट पोल से बताएगी कैसा काम कर रही पुलिस

गोरखपुर। यूपी पुलिस अपनी छवि सुधारने पर खासा जोर दे रही है। इसके लिए पुलिस फीडबैक जनता से ले रही है। गोरखपुर में जिला पुलिस के बाद अब थानों की पुलिस के कामों की समीक्षा जनता करेगी। जनता थानों की पुलिस के कामकाज को ध्यान में रखते हुए अपनी रेटिंग भी देगी। एडीजी की इस पहल को अब एसएसपी गौरव ग्रोवर ने थानावार लागू कर दिया है। एसएसपी ने पब्लिक से यहां के सभी थानों का फीडबैक मांगा है। इसके लिए पुलिस की ओर से आनलाइन पोलिंग



की व्यवस्था शुरू की है। जिसके जरिए कोई भी व्यक्ति गोरखपुर पुलिस ही नहीं बल्कि यहां के सभी थानों के बारे में फीडबैक दे सकता है। ताकि यह पता चल सके कि आम पब्लिक के लिए थानावार पुलिस के प्रति क्या राय है।

### 11 से 17 जुलाई तक करें पोल

एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि गोरखपुर पुलिस की थानावार पोलिंग 11 जुलाई से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगी।

इसके जरिए आम पब्लिक के बीच पुलिस और थानों के प्रति क्या राय है, इसके लिए पब्लिक के लिए अब डॉयरेक्ट पोल लिंक और ट्वीटर पोल लिंक उपलब्ध कराए गए हैं। जिसपर आम पब्लिक थानावार अपनी राय दे सकती है। एसएसपी ने बताया कि पोल खत्म होने के बाद जो पब्लिक का रिजल्ट होगा, उसके आधार पर आगे पुलिस में सुधार किया जाएगा।


### 4 तरह के मिलेंगे ऑप्शन

पोल लिंक पर क्लिक करते ही आपको 4 तरह के ऑप्शन मिलेंगे। पहला अतिउत्तम, दूसरा उत्तम, तीसरा साधारण और चौथा ऑप्शन खराब का होगा। आप जिस थाने की पुलिस के बारे में जैसा सोचते हैं, उसी के मुताबिक आप उस थाने के लिए पोल कर सकते हैं।

# प्रतापगढ़ में ओला कैब ड्राइवर की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर कुंडा थाना क्षेत्र में सोमवार को सुबह एक ओला कैब ड्राइवर का शव पाया गया। ड्राइवर की धारदार हथियार से गला रेत कर कथित तौर पर हत्या की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान प्रेम चंद्र यादव के रूप में की गई है।

रोहित मिश्रा ने बताया कि आज सुबह सूचना मिलने पर कुंडा क्षेत्र के मनगढ़ डिग्री कॉलेज के पास से 57 वर्षीय प्रेम चंद्र का शव बरामद किया गया, जिसकी किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। मृतक की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उनकी पहचान की गई। प्रेम चंद्र



लखनऊ का रहना वाला था। वह ओला टैक्सी चालक था। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। रोहित मिश्रा ने बताया कि पुलिस घटना के संबंध में जांच कर रही है।

### गोंडा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

गोंडा के तरबगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

तरबगंज के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिव नारायण दूबे की पुत्री प्रतिभा (25) की शादी करीब दो साल पहले लाल मणि उर्फ लल्लू के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में बिंदु की मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचने पर बिंदू का शव चारपाई पर पड़ा देखा। मृतका के पिता दूबे की सूचना पर पहुंचे भानुपुर चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि मृतका के पिता ने परिजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

### भदोही में कांवड़ यात्रा के तैयारियों में जुटा प्रशासन

भदोही (संत रविदास नगर)। भदोही में नेशनल हाईवे 19 से होकर सावन में हजारों की संख्या में कांवरिया प्रयाग से काशी जल लेकर जाते हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन तैयारियों में तेजी से जुटा है। सोमवार को एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में हाईवे पर हुए अतिक्रमण को हटावाया है। जहां पर अतिक्रमण हुआ है। उसको हटाना पड़ेगा। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के चकपडोना में हाईवे की सर्विस रोड पर अतिक्रमण की वजह से सर्विस रोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। जिसकी वजह से इस मार्ग से आवागमन प्रभावित हो रहा था। सावन में बड़ी संख्या में कांवड़िए इसी मार्ग से होकर गुजरेंगे। इसलिए प्रशासन के द्वारा कावड़ यात्रा मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि कुछ लोगों ने सर्विस रोड पर अवरोध किया था जिसको हटाया गया है।

# भैंस को बचाने कुएं में उतरे 3 की जहरीली गैस से मौत

कानपुर। कानपुर के बिल्हौर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें 2 सगे भाई समेत 4 लोग कुएं में गिरी भैंस को बचाने के लिए उतरे थे। कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से 4 में से 3 की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने गांव वालों की मदद से सभी को कुएं से बाहर निकाला था लेकिन गांव वालों का कहना है कि पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आने में देर की। समय से आते तो तीनों की जान बच जाती। गांव वालों ने मौके पर हंगामा किया। पुलिस ने सभी को समझाकर शांत करवाया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक बिल्हौर थाना क्षेत्र स्थित गौरी गांव में रहने वाले मेवालाल की भैंस रविवार शाम लगभग 7 बजे कुएं में गिरी जिसे निकालने के लिए मेवालाल के भाई रामकुमार के बेटे शैलेंद्र और योगेश ने कोशिश की और कमर से रस्सी बांधकर कुएं में उतर गए। बहुत देर तक कोई आवाज न आने पर पड़ोस में रहने वाले प्रदीप और रामबहादुर उन्हें देखने कुएं में उतरे। चारों कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से बेहोश होए। चार लोगों के कुएं में से बाहर न आने पर गांव में हड़कंप मचा। डर के कारण कोई भी कुएं में चारों को बचाने नहीं जा पा रहा था। एक अन्य युवक टॉर्च लेकर रस्सी से आधे कुएं में उतरा और गांव वालों को देखकर बताया कि चारों कुएं में बेहोश हैं। गांव वालों ने युवक को ऊपर खींचा और गांव में इसके बाद शोर मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और चारों को बाहर निकाला।

### बिकरू कांड : शहीद दरोगा की पत्नी को दो साल बाद मिली नौकरी, ओएसडी बनीं

लखनऊ। कानपुर बिकरू कांड के दो साल बाद शहीद दरोगा अनूप सिंह की पत्नी को नौकरी मिल गई है। उनको विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। प्रतापगढ़ के मूल निवासी अनूप सिंह दो जुलाई, 2020 की रात चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में कुख्यात विकास दुबे और उसके साथियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। उनकी पत्नी नीतू सिंह तब से नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। उन्होंने तीन जुलाई को मुख्यालय में ज्वाइन कर लिया है। नीतू की बेटी गौरी कक्षा छह व बेटा सूर्यांश यूकेजी में पढ़ता है। उनके परिवार में ससुर, देवर, जेठ-जेठानी हैं। नीतू सिंह का कहना है कि नौकरी से उनको बहुत ही राहत मिलेगी। शहीदों के परिवार वालों ने आवास दिलाने की भी मांग की थी, जो अब तक पूरी नहीं हुई है। इसलिए नीतू लखनऊ के एक होटल में कमरा लेकर रह रही हैं। इससे कुछ दिन पहले ही अनूप के परिजनों ने मुख्यमंत्री से नौकरी दिलाने की गुहार की थी। तब सीएम ने उन्हें जल्द ही नियुक्ति का भरोसा दिलाया था। प्रतापगढ़ के मांधाता थाना क्षेत्र के बेलखरी निवासी अनूप सिंह ने 2004 में पुलिस फोर्स ज्वाइन किया था। 2015 में दरोगा बने। ट्रेनिंग के बाद दरोगा पद पर उनकी पहली पोस्टिंग कानपुर में 2017 में बाबूपुरवा थाने में हुई। फिर टिकरा चौकी के बाद चौबेपुर में तैनाती मिली थी। वहीं, बिकरू कांड में शहीद सिपाही सुल्तान सिंह की पत्नी उर्मिला को अब तक नौकरी नहीं मिली है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे 165 टन तक का भार कर लेगा सहन

## 16 जुलाई को पीएम मोदी देंगे सौगात

**बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 जुलाई को यूपी वासियों को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सौगात देंगे। यह एक्सप्रेस-165 टन तक का भार सहन करने में सक्षम है। हाईवे पर बने सभी 18 पुलों पर भार परीक्षण सफल रहा है। 24 घंटे 20-20 टन गिट्टी और मौरंग लोडेड ट्रकों को खड़ा कर क्षमता नापी गई।

यूपीडा पैकेज वन के सहायक अभियंता सरोज कुमार यादव ने बताया कि 296 किमी लम्बे बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे पर नदी, नहरों पर 14 और रेल लाइन पर चार पुल बने हैं। सबसे अधिक चौड़ा पुल केन नदी पर बना है। इसकी चौड़ाई 535 मीटर है। सभी पुलों पर रोड लोड का सफल



परीक्षण किया जा चुका है।

### एक्सप्रेस वे का इस तरह हुआ परीक्षण

परीक्षण के लिए 20-20 टन के गिट्टी और मौरंग लोड डंपर एक-एक पुल पर 24-24 घंटे तक खड़े रखे गए। सभी पुल परीक्षण में पास हुए। सरोज कुमार के मुताबिक, एक्सप्रेस वे खनिज संपन्न क्षेत्र से होकर गुजरा है। ऐसे में चालू होने पर इससे होकर खनिज से भरे भारी वाहन भी गुजरेंगे। इसलिए एक्सप्रेस-वे मार्ग निर्माण में सबसे अधिक विस्कॉसिटी ग्रेड-40 डामर का प्रयोग किया गया है। हाइवे आदि के निर्माण में अधिकतम 20 विस्कॉसिटी का डामर प्रयोग किया जाता है। 40 विस्कॉसिटी का डामर विदेशों में सड़क निर्माण में प्रयोग किया जाता है।

### महज तीन माह में बने रेल लाइन ओवरब्रिज

एक्सप्रेस-वे पर चार रेलवे ओवरब्रिज हैं, जो महज तीन माह में बनकर तैयार हुए हैं। पैकेज वन में चित्रकूट-बदौसा के बीच 109.785 मीटर चौड़ा, पैकेज दो में इचौली-अकोना के बीच 101.104 मीटर चौड़ा, पैकेज चार में भुआ-ऐट के बीच 84.316 मीटर और पैकेज छह में अछल्दा-घसारा के बीच 109.554 मीटर चौड़ा रेल लाइन ओवरब्रिज एक्सप्रेस वे पर बना है।

### इन नदियों पर बने पुल

बागेन, केन, श्यामा, यमुना, चंद्रावल, बिरमा, बेतवा, यमुना और सेंगर नदी पर एक्सप्रेस-वे पुल बने हैं। इसके अलावा अतर्रा मेन ब्रांच नहर, जलालपुर ब्रांच नहर, लोअर गंगा कैनाल और पैकेज छह में नहर पर एक्सप्रेस-वे पुल बने हैं।

# बदायूं में ईद पर बेचने को काटा गोवंश, छह गिरफ्तार

## एक क्विंटल मांस समेत वध करने के उपकरण बरामद, दो बाइकें भी तस्करों से मिलीं

बदायूं। बदायूं में ईद के दूसरे दिन गोमांस शौकीन लोगों को मोटे दाम पर बेचने के लिए तस्करों ने गोवंश का वध कर डाला। मामले की भनक पर पुलिस ने बताए गए घर में छापामारी की तो पता लगा कि वहां तस्करों ने बूचड़खाना बना रखा था। मौके से पुलिस ने छह तस्कर धर दबोचे। मौके पर गोवंश का एक क्विंटल मांस के अलावा उसके अवशेषों के अलावा वध करने के उपकरण बरामद किए हैं। इन तस्करों के खिला ?फ पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

गोकशी के धंधे के खिलाफ कार्रवाई कुंवरगांव थाना पुलिस ने की। मुखबिर की सूचना पर बनेई गांव में पुलिस ने छापामारी की। यहां रहने वाले बच्चन के घर पर छापा मारा गया तो वहां घर नहीं बल्कि बूचड़खाना निकला। घर में हर तरफ खून बिखरा हुआ था और



मांस कटा हुआ पड़ा था। गोवंश के अवशेष भी मौजूद थे।

### ये तस्कर धरे गए

पुलिस ने मौके से बच्चन के अलावा उसका बेटा दिलशाद, कामिल, आमिल, आरिफ, फिरासत निवासीगण गांव बनेई थाना कुंवरगांव को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मांस तकरीबन एक क्विंटल निकला। वहीं मांस काटने के उपकरण लकड़ी का गट्टा, छुरे, कुल्हाड़ियां, एक किलो का बाट, तराजू आदि सामान बरामद हुआ।

### होम डिलीवरी की थी तैयारी

पुलिस ने मौके से एक बुलेट समेत एक स्पेलंडर बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक बुलेट पर चेसिस व इंजन नंबर स्पष्ट नहीं है। इन बाइकों से तस्कर मांस की होम डिलीवरी की तैयारी में थे। कई आर्डर भी इन्हें मिल चुके थे। हालांकि इस गिरफ्तारी के बाद ईद पर गोमांस का शौक रखने वालों समेत तस्करों में खलबली मची हुई है।

### ये रहा तस्करों का बयान

पुलिस ने इन तस्करों से पूछताछ की तो बताया कि बकरीद का त्योहार है। इसलिए रुपये कमाने के लिए गोवंश का वध किया है। क्योंकि लोग गैर जिलों से भी घर पर ईद मनाने आते हैं और यहां मांस आसानी से मिल जाता है।

इसलिए यह कृत्य कर डाला। एसएचओ सीपी शुक्ला ने बताया कि पूरे गैंग के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा कायम किया गया है। इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके लिए आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

# गोंडा में 20वें दिन अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रही

गोंडा। गोंडा में लगातार 20वें अधिवक्ताओं का हड़ताल जारी है। अधिवक्ता सदर तहसीलदार के खिलाफ लामबंद होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि तहसीलदार बिना वसूली के कोई कार्य नहीं करते। हजारों की संख्या में फाइलें उनके न्यायालय में पेंडिंग है। जिसका निस्तारण नहीं कर रहें हैं।

20 दिनों पूर्व अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा था। जिसमें सदर तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना के स्थानांतरण की बात कही गई। इसके बाद भी तहसीलदार राजीव मोहन सक्सेना का स्थानांतरण नहीं हुआ। अधिवक्ताओं ने कई दिनों तक एसडीएम सदर का घेराव किया। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने जिला अधिकारी का घेराव शुरू किया। और अब आयुक्त देवीपाटन मंडल का घेराव कर रहे हैं।

### तहसीलदार का बहिष्कार

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी का कहना है जब तक तहसीलदार सदर का स्थानांतरण नहीं किया जाता तब तक अधिवक्ता समाज न्यायिक कार्य से विरत रहेगा और सदर तहसीलदार का बहिष्कार करेगा।

### तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग

बार एसोसिएशन ने जुलूस निकालकर पूरे कचहरी प्रांगण में तहसीलदार का विरोध किया और तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग कर रहा है। इसके पूर्व भी सदर तहसीलदार पैगाम हैदर, तहसीलदार पुष्कर मिश्रा सहित कई अन्य तहसीलदारों का अधिवक्ताओं के विरोध के चलते स्थानांतरण किया जा चुका है और अब राजीव मोहन सक्सेना से अधिवक्ता नाराज चल रहे।

# शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत, दालें महंगी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली बताई गई। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। पाम तेल तथा मूंगफली तेल ऊंचा होकर बिका। तिलहन में उठाव सुस्ती से नरमी रही। आज रायड़ा घटकर बिका। दलहनो में मजबूती बताई गई। दालें महंगी बिकी। चावल में कामकाज सुधार लिए रहा।

### किराना बाजार

शक्कर में लिवाली बताई गई। आज शक्कर में कामकाज 3550 से 3590 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा, हल्दी तथा साबूदाना में पूछपरख सुधार लिए रही।

### तेल -तिलहन

खाद्य तेल में मांग से मजबूती दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड 15 रुपये तथा मूंगफली तेल 10 रुपये बढ़कर बिका। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली सुस्त बताई गई इससे भाव नरमी लिए रहे।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन तेजी लिए रहे। आज मूंग-तुअर ऊंची बिकी। दालों में भाव ऊंचे बोले गए। चावल में पूछपरख बताई गई।

### किराना

शक्कर 3550 से 3590 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 168 से 190 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162



रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4850 से 5450, पैकिंग में 5800 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5900 से 6000, रायडा 5800 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल इंदौर 1610 से 1620, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1265 से 1275, सोयाबीन साल्वेंट 1240 से 1245, पाम तेल 1265 से 1270 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 4925 से 4950, मसूर 6950 से 6975, तुअर निमाड़ी 5700 से 6600, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 6800 से 7000, तुअर (कर्नाटक) 6900 से 7100, मूंग 5800 से 6000, मूंग हल्की 5000 से 5400, उड़द 6800 से 7100, उड़द मीडियम 5500 से 6700, उड़द नया 6800 से 7000, हल्का 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 6000 से 6500, तुअर दाल सवा नंबर 8600 से 8700, तुअर दाल फूल 8800 से 9000, तुअर दाल नई 9300 से 10000, आयातित तुअर दाल 8400 से 8500, मसूर दाल 8000 से 8300, मूंग दाल 7400 से 7600, मूंग मोगर 8500 से 8800, उड़द दाल 8900 से 9200, उड़द मोगर 9500 से 9800 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 10000 से 11000, तिबार 8000 से 8500, दुबार 7000 से 7500, मिनी दुबार 6500 से 7000, मोगरा 3500 से 4500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 7500 से 8000, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2500 से 2650, हंसा सैला 2450 से 2650, हंसा सफेद 2350 से 2450, पोहा 3700 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1360 से 1370, मैदा 1340 से 1350, आटा 1295 से 1300, चना बेसन 3300 से 3325 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# वेदांता एल्यूमिनियम का टव स्यूड के साथ करार

नयी दिल्ली। एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने नेट वाटर पॉजिटिविटी के प्रति अपनी कटिबद्धता की दिशा में पहल करते हुए टव स्यूड के साथ समझौता किया है।

वेदांता एल्यूमिनियम तथा औद्योगिक सुरक्षा, सिक्योरिटी एवं सस्टेनिबिलिटी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टव स्यूड अपनी इस साझेदारी के जरिए कंपनी के वाटर पॉजिटिविटी लक्ष्य का रोडमैप तैयार करेंगे। इसके लिए आधारभूत अध्ययन करने, पानी के प्रयोग की जवाबदेही प्रक्रिया को मजबूत बनाने, लगातार सुधार एवं संरक्षण के लिए क्षमता बढ़ाने और सस्टेनेबल वाटर फुटप्रिंट के लिए नवाचार आधारित समाधानों और पहलों को लागू करने समेत विभिन्न कदम उठाए जाएंगे।

# जिन्दल स्टील ने स्पंज आयरन इकाइयों के लिए शुरू की कोयला बिक्री कंपनी

रायपुर। जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने स्पंज आयरन इकाइयों की जरूरतें पूरी करने के लिए कोयला बिक्री कंपनी शुरू की है।

जेएसपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (स्टील) डीके सरावगी ने स्पंज आयरन उद्योगपतियों की कल यहां हुई बैठक में उन्हे यह जानकारी देते हुए कहा कि उनकी कंपनी जिन्दल स्टील गैर-बिजली क्षेत्र में उत्पन्न कोयला की कमी को देखते हुए कोयले की विशेष वैरायटी मोजाम्बिक स्टीम कोल (ग्रेड वीटी-1) लेकर आई है।उन्होंने कहा कि नॉन कोकिंग थर्मल कोल श्रेणी का मोजाम्बिक स्टीम कोल (ग्रेड वीटी-1) स्पंज आयरन उत्पादन में किल्न के लिए न सिर्फ उपयुक्त है बल्कि दोहरी भूमिका भी निभाता है।

उन्होने बताया कि उत्पादन प्रक्रिया में यह ताप ऊर्जा प्रदान करने का काम करता ही है, उत्पाद में मिलावट कम करने (रिड्यूसिंग एजेंट) में भी मददगार है।

इस कोयले में फिक्स्ड कार्बन की मात्रा 57 प्रतिशत है जिससे इसकी उत्पादकता अधिक है और यह 5 फीसदी तक ऊर्जा की बचत भी करता है। इसमें राख (ऐश) की मात्रा 24.2 प्रतिशत है और यह थर्मल प्लांट के लिए भी उपयुक्त है। श्री सरावगी ने बताया कि मोजाम्बिक स्टीम कोल (ग्रेड वीटी-1) से किल्न की उत्पादकता 6 प्रतिशत तक बढ़ जाती है और किल्न की उम्र भी बढ़ती है। इसके अलावा इसमें 6 प्रतिशत कम कोयला लगता है और 8 प्रतिशत तक कम ठोस कचरा निकलता है। इस कोयले के उपयोग के बाद देखा गया कि कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन 5 फीसदी से भी कम है।

इस अवसर पर प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन ने कहा कि इस नए कारोबार के लिए जेएसपी वल्कन एनर्जी-मोजाम्बिक से कोयले का आयात करेगी और देश के विभिन्न स्थानों पर स्थापित अपने प्रतिष्ठानों और बिक्री केंद्रों के माध्यम से कोयला उपलब्ध कराएगी।

देश में कोयले की उपलब्धता के लिए शुरू किये गए इस नए कारोबार से छोटी स्टील मिलों को स्पंज आयरन किल्न के संचालन में कोयले की कमी आड़े नहीं आएगी। इनदिनों कोयले की कमी है इसलिए सरकार देश की ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए कोयले के आयात को प्रोत्साहित कर रही है।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

## - सेंसेक्स 300 अंक टूटा, निफ्टी 16,200 से नीचे

**मुंबई ।** एशियाई बाजारों में कमजोरी और आईटी शेयरों में बिकवाली के चलते प्रमुख शेयर सूचकांकों में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट हुई। ऐसे में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 330.14 अंक गिरकर 54,151.70 पर आ गया, जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 102.75 अंक फिसलकर 16,117.85 पर था। सेंसेक्स में भारती एयरटेल, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, विप्रो, इंफोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। निवेशकों को खुश करने में नाकाम रहने के बाद टीसीएस 4.54 फीसदी लुढ़क गया। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी टीसीएस ने शुक्रवार को जून तिमाही के नतीजे जारी किए थे। इस दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 5.2 प्रतिशत बढ़कर 9,478 करोड़ रुपए हो गया। इस बीच, एनटीपीसी, एमएंडएम, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक हरे निशान में थे। टीसीएस के रिजल्ट के बाद सभी आईटी कंपनियां बाजार में दबाव के साथ कारोबार कर रहीं हैं। बीएसई पर इन्फोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो, टेक महिंद्रा जैसी दिग्गज आईटी कंपनियों के स्टॉक्स में आज 1 से 2 फीसदी की गिरावट दिख रही है। भारती एयरटेल में सबसे ज्यादा 4 फीसदी की गिरावट आई है और यह टॉप लूजर रही। दूसरी ओर एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के स्टॉक्स में तेजी दिख रही है। आज के कारोबार में बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप पर कोई बदलाव नहीं दिख रहा और दोनों ही इंडीसेज फ्लैट कारोबार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा बदलाव आईटी सेक्टर में दिख रहा है। निफ्टी का आईटी सेक्टर 3 फीसदी टूट चुका है। इसके अलावा निफ्टी मेटल, फार्मा के स्टॉक्स भी लाल निशान पर ट्रेडिंग कर रहे हैं। निफ्टी बैंक और ऑटो में आज तेजी का रुख बना हुआ है।



# पेटीएम का ऋण वितरण नौ गुना बढ़कर 5,554 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** डिजिटल वित्तीय सेवा फर्म पेटीएम का ऋण वितरण अप्रैल-जून तिमाही में लगभग नौ गुना बढ़कर 5,554 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस दौरान 84.78 लाख लेनदेन हुए और ऋण वितरण की वार्षिक दर 24,000 करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई। कंपनी ने एक साल पहले की इसी अवधि में कुल 632 करोड़ रुपए के 14.33 लाख ऋण दिए थे। कंपनी ने कहा कि जून 2022 तिमाही के दौरान उसके द्वारा दिए गए ऋण की संख्या सालाना आधार पर 492 प्रतिशत बढ़कर 85 तक पहुंच गई।




# अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में रही तेजी

**मुंबई ।**

अमेरिकी शेयर बाजार ने अब मंदी के डर को पीछे छोड़ दिया और महंगाई के दबाव से भी पार पा लिया है। बाजार को फेड रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी को लेकर बन रही आशंका भी अब दूर होती नजर आ रही है और निवेशक दोबारा पैसे लगाने की तरफ देख रहे हैं। यही कारण रहा कि पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी शेयर बाजार ने बढ़त पर कारोबार बंद किया था। अमेरिका के प्रमुख बाजारों में शामिल नैस्डेक पर पिछले सत्र में 0.12 फीसदी की तेजी दिखी थी। अमेरिकी बाजार में आई तेजी का यूरोपीय शेयर बाजारों पर पॉजिटिव असर दिखा और वहां भी सभी प्रमुख शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुए। यूरोप के बड़े शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले सत्र में 1.34 फीसदी की जोरदार बढ़त पर बंद हुआ था, जबकि फ्रांस के शेयर बाजार में 0.44 फीसदी की तेजी दिखी थी। लंदन स्टॉक एक्सचेंज भी 0.10 फीसदी की उछाल पर बंद हुआ था।



# खाद की बढ़ती कीमतों और अन्य कई कारणों से गेहूं के बाद अब चावल उत्पादन कम होगा, निर्यात भी घटेगा

**नई दिल्ली ।**

दुनिया में खाद की बढ़ती कीमतों और वैश्विक सप्लाई चेन में दिक्कतों के कारण से एशिया में चावल उत्पादन इस बार घटने का अनुमान है। वहीं, दूसरी तरफ मांग बढ़ने की संभावना है। लिहाजा फिर से फूड सिक्योरिटी और इंफ्लेशन के लिए जोखिम बढ़ेगा। कासिकोर्न बैंक पीसीएल की एक रिसर्च इकाई के अनुसार, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े निर्यातक थाईलैंड में फसल की पैदावार में गिरावट आ सकती है। इसकी मुख्य वजह खाद और दूसरे फसल पोषक तत्वों की कीमतों में वृद्धि है। वहीं, चावल का दूसरा सबसे आयातक फिलीपींस में बुआई घटने की वजह से उसके द्वारा खरीद बढ़ेगी। चीन कीटों से होने वाले नुकसान की वजह से चिंतित है, जबकि भारत का उत्पादन अच्छे मानसून पर निर्भर करता है। दुनिया का अधिकांश चावल एशिया में उगाया और खाया जाता है। लिहाजा यह इस क्षेत्र में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद गेहूं और मकई की कीमतों में उछाल के विपरीत, चावल का रेट कम हुआ है। लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि यह ऐसा ही रहेगा। ऐसे ही हालात में 2008 की शुरुआत में, आपूर्ति को लेकर घबराहट के बीच कीमतें 1,000 डॉलर प्रति टन से ऊपर चढ़ गईं थीं, जो अब के स्तर से दोगुने से भी अधिक हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, गेहूं, मक्का और खाना पकाने के तेल की कीमतों की सारी बढ़त इस साल के अन्त में खत्म हो गई क्योंकि आपूर्ति के लिए बेहतर दृष्टिकोण बन गया। कृषि उत्पादन अंततः मौसम पर निर्भर है, जो जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अधिक अनिश्चित होता जा रहा है। गेहूं और मकई की लागत में कोई भी ताजा उछाल अनिवार्य रूप से भोजन और पशुओं के चारे के लिए चावल की मांग को फिर से बढ़ा देगी। द राइस ट्रेडर के उपाध्यक्ष, वी. सुब्रमण्यन ने कहा कि भारत में चावल की फसल पर बहुत कुछ निर्भर करता है, जो दुनिया के निर्यात का लगभग 40 फीसदी निर्यात करता है। वैश्विक आपूर्ति जोखिम में है, लेकिन अभी के लिए हमारे पास अभी भी बड़े पैमाने पर भारतीय उपलब्धता है जो कीमतों पर लगाम लगा रही है।



हालांकि देश में मानसून की वजह से चावल की बुआई प्रभावित हो रही है। भारत में केंद्र सरकार राज्यों को जो गेहूं देती है उसमें कटौती करके चावल ज्यादा दे रही है। लिहाजा चावल की डिमांड और बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में वैश्विक और घरेलू परिस्थितयां चावल के निर्यात को इस साल प्रभावित कर सकती हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने सरकार उठा रही बड़ा कदम

## - राष्ट्रीय राजमार्गों पर बनेंगे बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई जरुरी कदम उठा रही है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कई प्रकार के चार्जिंग पॉइंट से लैस वेसाइड सेंटर विकसित करने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग, पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पर लगभग 700 साइटों की पहचान की है।सरकार बढ़ावा राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई बैटरी स्वैपिंग और चार्जिंग स्टेशन विकसित करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है।

मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया है कि चार्जिंग सेंटरों के निर्माण के कॉन्ट्रैक्ट में बैटरी स्वैपिंग स्टेशन भी शामिल हैं। मोर्थ के सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा, 'हम राष्ट्रीय स्तर पर चार्जिंग बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं। हमने ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने के लिए आगामी और ऑपरेशनल हाईवों पर 700 स्पॉट की पहचान की है। बुनियादी ढांचे में चार्जिंग पॉइंट और बैटरी स्वैपिंग दोनों सुविधाएं शामिल होंगी।' सरकार से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह बैटरी स्वैपिंग नीति को जल्द ही अंतिम रूप दे दे ताकि ईवी यूजर्स को अपनी मौजूदा वाहन बैटरी चार्ज करने के लिए घंटों इंतजार किए बिना स्वैपिंग स्टेशनों पर अपनी डिस्चार्ज की गई बैटरी को चार्ज यूनिट से बदलने की अनुमति मिल सके। इस मामले में नीति आयोग द्वारा बैटरी स्वैपिंग के लिए एक ड्राफ्ट पॉलिसी जारी की गई है। एक सरकारी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि ग्रीन हाईवे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे अधिक से अधिक शहर अपने चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार करेंगे, राजमार्गों पर मोबिलिटी ईवी को अपनाने को बढ़ावा देगी। ईवी सपोर्ट स्टेशनों के लिए 700 साइट केवल एक शुरुआत होगी और लक्ष्य राजमार्गों के साथ हर 10-20 किमी पर चार्जिंग की सुविधा है।' एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बैटरी स्वैपिंग इंन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने देश में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की मांग तेजी से बढ़ेगी। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी को एक बड़ी बाधा के रूप में दूर किया जा सकता है।



ईवी सेगमेंट के लिए बैटरी स्वैपिंग अगला बड़ा विकास होगा, क्योंकि यह दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट की जरूरतों को पूरा करेगा और बाजार के आकार को बढ़ाने में मदद करेगा।भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईवी की संख्या बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा।

# शार्ट न्यूज

## खानों की सफल नीलामी के लिए राज्यों को प्रोत्साहन दिया जाएगाः जोशी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सफल निलामी के लिए संभावित खनिज ब्लॉकों को चिन्हित करने वाली राज्य सरकरों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि खानों की सफल नीलामी के लिये राज्य सरकारों को और जिन्होंने संभावित खनिज ब्लॉकों को चिह्नित किया है, उन्हें प्रोत्साहन दिया जायेगा। सफल राज्यों को मंगलवार को नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खान तथा खनिज सम्मेलन के दौरान पुरस्कृत किया जायेगा। खान मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि श्री जोशी ने सोमवार को खान मंत्रालय के आजादी का अमृत महोत्सव प्रतीक सप्ताह का उद्घाटन किया। जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। खान मंत्रालय के सचिव आलोक टंडन ने कहा कि देशभर में सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम तथा मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय 11-17 जुलाई तक प्रतीक सप्ताह मनायेंगे।

## चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों के लाभ में हो सकती है गिरावट : क्रिसिल

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के 300 से अधिक कंपनियों के विश्लेषण में सोमवार को कहा गया है कि इनका लाभ पहली तिमाही में क्रमानुसार स्थिर रहा, लेकिन सालाना आधार पर 2-3 प्रतिशत गिर गया। परिचालन लाभ में गिरावट की यह लगातार तीसरी तिमाही होगी। क्रिसिल के शोध में शामिल 47 क्षेत्रों में से लगभग आधे क्षेत्रों का परिचालन लाभ तिमाही के दौरान वार्षिक आधार पर संकुचित होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि संपूर्ण परिचालन लाभ भी पांच तिमाहियों में पहली बार घट गया क्योंकि कंपनियों की लागत खर्च में खासकर प्रमुख धातुओं और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि को पूरी तरह से पारित करने में असमर्थ थीं। क्रिसिल रिसर्च की निदेशक हेतल गांधी ने कहा, धातुओं और ईंधन की बढ़ती कीमतों से परिचालन लाभ मार्जिन घटकर 19-21 प्रतिशत के बीच रह सकता है। यूक्रेन-रूस युद्ध ने कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों को बढ़ा दिया है, और इस्पात जैसे धातुओं में व्यापार के लिए अनिश्चितता पैदा कर दी है। इससे वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी होगी और लाभ पर दबाव जारी रहेगा।

## आयकर विभाग ने दो रियल एस्टेट समूहों पर मारा छापा, 3.50 करोड़ रुपये की नगदी जब्त

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने बेंगलुरु और हैदराबाद में रियल एस्टेट का कारोबार करने वाले दो प्रमुख समूहों पर चलाए गए तलाश अभियान में 3.50 करोड़ रुपये नगद और 18.50 करोड़ रुपये की कीमत वाले सोने, चांदी तथा आभूषणों को जब्त करने का दावा किया। विभाग ने सोमवार को एक बयान में बताया गया कि बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई स्थित 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की गयी जिसमें कई दस्तावेजों और डिजिटल सबूतों को जब्त कर लिया गया। बयान में कहा गया कि जब्त किए गए सबूतों के प्रारंभिक विश्लेषण से पता चला है कि भूमि मालिकों ने कथित तौर पर बेंगलुरु स्थित एक डेवलपर के साथ संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया था। बयान के मुताबिक, डेवलपर को विभिन्न परियोजनाओं के विकास के लिए दी गयी भूमि के एवज में समूहों को उससे पूर्ण रूप से विकसित क्षेत्र प्राप्त हुआ। भूमि मालिक लेन-देन से होने वाले पूंजीगत लाभ की घोषणा दिखाने में विफल रहे जबकि परियोजनाओं के लिए पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिए गए थे। अघोषित पूंजीगत लाभ की राशि 400 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। जब्त किए गए दस्तावेजों के प्रारंभिक विश्लेषण से यह भी पता चला है कि इन समूहों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में इकाइयों की बिक्री से राजस्व के संबंध में कथित तौर पर 90 करोड़ रुपये की आय को छुपाया था। दोनों समूह कथित रूप से 28 करोड़ रुपये की कर चोरी में भी शामिल थे।

## जाइडस को एम्पाग्लिफ्लोजिन, मेटफोर्मिन हाइड्रोक्लोराइड दवाइयों के लिए यूएसएफडीए से मिली मंजूरी

मुंबई। जाइडस लाइफसाइंसेज ने सोमवार को बताया कि उसे अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) से एम्पाग्लिफ्लोजिन और मेटफोर्मिन हाइड्रोक्लोराइड की 5एमजी/500एमजी, 5एमजी/1000एमजी, 12.5एमजी/500एमजी और 12.5 एमजी/1000एमजी दवाइयों के विपणन की अंतिम मंजूरी मिल गयी है। वयस्कों में टाइप-2 डायबिटीज मिलिटस के साथ ग्लाइसेमिक के नियंत्रण में सुधार के लिए उचित आहार और व्यायाम के साथ इन दवाइयों का इस्तेमाल किया जाता है। इन दवाइयों का उपयोग टाइप-2 डायबिटीज मेलिटस और स्थापित ह्दयवाहिनी बीमारी वाले मरीजों में इसके मौत के जोखिम को कम करने के लिए भी किया जाता है। आईक्यूवीआईए के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में सिनजार्डी (एम्पाग्लिफ्लोजिन और मेटफोर्मिन हाइड्रोक्लोराइड) की प्रतिवर्ष 28.1 करोड़ गोलियां बिकती हैं। इन दवाइयों का उत्पादन समूह की भारत में अहमदाबाद में स्थित विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित सुविधा में किया जाता है।

## मिवी ने डुओपॉड्स ए350 लॉन्च किए

नयी दिल्ली। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक कंपनी मिवी ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो में नए डुओपॉड्स ए 350 को जोड़ा है जो मेड इन इंडिया डुओपॉड्स के नवीनतम संस्करण है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह नवीनतम संस्करण की पेशकश मिवी के उपभोक्ताओं को नए प्रॉडक्ट्स हमेशा प्रदान करने के कंपनी के विजन के अनुरूप है। लॉन्चिंग के दिन के लिए मिवी ए 350 का दाम विशेष रूप से 999 रुपये रखा गया है। इसके बाद इसका मूल्य 1399 रुपये होगा। उसने कहा कि एयरपॉड्स का नया प्रॉडक्ट 13 एमएम के इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक ड्राइवर्स से लैस है, जो 20 हर्ट्ज से 20 किलो हर्ट्ज तक एक व्यापक फ्रीक्वेंसी रेंज को उत्पन्न करती है, जिससे श्रोताओं को बिल्कुल स्पष्ट आवाज सुनने को मिलती है। ये वायरलेस डुओपॉड्स आधुनिक ब्लूटुथ 5.1 तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, जिससे हाई स्पीड पर स्थिर कनेक्टिविटी और सहज प्रसारण सुनिश्चित होता है। इससे 10 मीटर की रेंज से साफ आवाज सुना जा सकता है।

## नॉयज की उड़ान के साथ डिस्ट्रीब्यूशन साझेदारी

नयी दिल्ली। ऑडियो तथा वियरेबल उत्पाद बनाने वाली कंपनी नॉयज ने अपने स्मार्टवॉच कलरफिट क्यूब प्लस एसपीओ2 एडिशन के लिए एक्सक्लूसिव डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनरशिप की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत भारत के सबसे बड़े बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म उड़ान पर नॉयज की स्मार्टवॉच की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई जाएगी। नॉयज के ये स्मार्टवॉच उड़ान प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणी के अंतर्गत 12500 से अधिक पिन कोड क्षेत्र को कवर करती हुई 1200 कस्बों और शहरों में रिटेलरों के लिए उपलब्ध होगी।

## आयात-निर्यात में रुपये का प्रयोग बढ़ाने के लिए आरबीआई के नये उपाय

नयी दिल्ली। रुपये पर बढ़ते दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने दूसरे देशों के साथ आयात तथा निर्यात में रुपये के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय मुद्रा में ही विस्तृत बिल काटने, भुगतान और समाधान की अतिरिक्त व्यवस्था करने का फैसला किया है। रिजर्व बैंक ने सोमवार को एक सर्कुलर में कहा कि विदेशी मुद्रा का कारोबार करने वाले अधिकृत बैंकों/डीलरों को नयी व्यवस्था करने से पहले इसके लिए रिजर्व बैंक के मुंबई कार्यालय के विदेशी विनिमय विभाग से अनुमति लेनी पड़ेगी। यह व्यवस्था विदेशी विनिमय प्रबंध कानून के तहत की जा रही है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि इसके तहत विदेश से आयात और निर्यात के सभी विस्तृत बिजक भारतीय रुपये में तैयार किए जा सकते हैं। इसमें भारत और संबंधित देश की मुद्राओं की विनिमय दर बाजार द्वारा निर्धारित दर रखी जा सकती है। सौदे का समाधान भारतीय रुपये में किए जाएगा। रिजर्व बैंक ने कहा है कि समाधान के लिए भारत में अधिकृत डीलर बैंकों को रुपया वॉस्ट्रो खाते खोलने की अनुमति दी गयी है।

## शार्ट न्यूज

### गौतम गंभीर ने दिल्ली के कबड्डी विजेताओं को पुरस्कृत किया

नयी दिल्ली। सरिता विहार पॉकेट एफ. एंड जी. में आयोजित दिल्ली स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल मैच में पुरुष वर्ग में पश्चिम विहार जिला पश्चिम ने रोहिणी जिला उत्तर-पश्चिम को 36 अंकों के मुकाबले 39 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं महिला वर्ग में पिलनजी जिला नई दिल्ली ने दिलशाद गार्डन जिला शाहदरा को 27 अंकों के मुकाबले 29 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पहले खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में पुरुष वर्ग में रोहिणी जिला उत्तर-पश्चिम ने सरिता विहार जिला दक्षिण पूर्व को 29 अंकों के मुकाबले 37 अंकों से हराकर हराकर फाइनल में जगह बनाई व महिला वर्ग में पिलनजी जिला नई दिल्ली ने अलीपुर जिला उत्तर को 27 अंकों के मुकाबले 29 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं दूसरे सेमी फाइनल मैच में पुरुष वर्ग में पश्चिम विहार जिला पश्चिम ने गाजीपुर जिला पूर्वी को 27 अंकों के मुकाबले 44 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई व महिला वर्ग में दिलशाद गार्डन जिला शाहदरा ने द्वारका जिला दक्षिण पश्चिम को 29 अंकों के मुकाबले 32 अंकों से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### रोहित ने ख़राब फ़ॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली का समर्थन किया

नाटिंघम। कप्तान रोहित शर्मा ने ख़राब फ़ॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली का समर्थन किया है। इंग्लैंड के विरुद्ध टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ में विराट कोहली ने कुल नौ गेंदों का सामना करते हुए पांच बार बाउंड्री लगाने का प्रयास किया। दो बार गेंद- वाइड मिडऑन के ऊपर से चौका और गेंदबाज़ के सिर के ऊपर से छक्का- सीमा रेखा के पार गई। हालांकि बची हुई तीन गेंदों पर वह दो बार आउट हुए। कोहली के टी20 करियर को मद्देनज़र रखते हुए यह सच है कि ऐसा आक्रामक अंदाज़ उनके लिए सही नहीं है। हालांकि कोहली भारत के शीर्ष क्रम में बल्लेबाज़ी करते हैं जहां सभी खिलाड़ियों को जोखिम उठाकर तेज़ गति से रन बनाने का कार्य दिया गया है। टीम चाहती है कि कोहली समेत प्रत्येक खिलाड़ी इस विचारधारा को अपनाए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पूछा गया कि क्या कोहली का यह नया आक्रामक अंदाज़ टीम प्रबंधन के कहने पर आया है या एक व्यक्तिगत रणनीति के तहत। जवाब में रोहित ने कहा, यह दोनों चीज़ों का मिश्रण है। एक टीम के तौर पर हम एक निश्चित अंदाज़ से खेलना चाहते हैं और हर एक खिलाड़ी को इस विचारधारा को अपनाना होगा। इस दल में मौजूद सभी बल्लेबाज़ जोखिम लेने और बल्ले के साथ अतिरिक्त योगदान देने को तैयार हैं।

### बांग्लादेश ने वेस्ट इंडीज को पहले वनडे में पीटा

प्रॉविडेंस। मैन ऑफ द मैच मेहदी हसन (36 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से बांग्लादेश ने वेस्ट इंडीज को पहले वनडे में रविवार को 55 गेंद शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इस जीत से बांग्लादेश ने 3-मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली। बांग्लादेश ने विंडीज को नौ विकेट पर 149 रन पर रोकने के बाद 31.5 ओवर में चार विकेट पर 151 रन बनाकर आसान जीत अपने नाम की। विंडीज की तरफ से शमार ब्रुक्स ने 66 गेंदों पर 33 और दसवें नंबर के बल्लेबाज एंडरसन फिलिप ने 22 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाये। बांग्लादेश की तरफ से शोरिफुल इस्लाम ने चार विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान तमीम इकबाल ने 33, नाजमुल हुसैन शांतो ने 37 और महमूदुल्लाह ने नाबाद 41 रन बनाये और टीम को आसान जीत दिलाई।

### भारतीय अंडर 20 फ्रीस्टाइल टीम एशियाई चैंपियनशिप में रही उपविजेता

नयी दिल्ली। भारतीय अंडर 20 फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने बहरीन के मनामा में आयोजित अंडर 20 (जूनियर) एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में सभी 10 वजन वर्गों में पदक जीते। भारत ने एक स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारतीय टीम 185 अंकों के साथ उपविजेता बनी जबकि ईरान 228 अंकों के साथ विजेता रहा और कजाखस्तान को 148 अंकों के साथ तीसरा स्थान मिला। भारत के पदक विजेता इस प्रकार हैं : स्वर्ण पदक: सुजीत (65 किग्रा) रजत पदक: मोहित (61), मुलायम यादव (70), जयदीप (74), आशीष (97), महेंद्र (125) कांस्य पदक:अमन (57), दीपक (79), जोंटी कुमार (86), आकाश (92)

### कैपिटल हिंसा मामले में जांच पैनल के सामने गवाही देंगे ट्रंप के पूर्व सहयोगी

वाशिंगटन। अमेरिका में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में पिछले साल छह जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों के जबरन घुसने और हिंसा को अंजाम देने के मामले की जांच कर रही समिति को ट्रंप के पूर्व रणनीतिकार स्टीव बैनन ने बताया है कि वह इस पर अपनी गवाही देंगे। पिछले साल बैनन ने हिंसा की जांच कर रही प्रतिनिधि सभा की एक चयन समिति द्वारा उन्हें जारी एक समन के अनुपालन से इंकार कर दिया था। जिस कारण उन पर अमेरिकी कांग्रेस की अवमानना का आरोप लगाया गया था। एक पत्र में बैनन के वकील रॉबर्ट कॉस्टेलो ने शनिवार को समिति के अध्यक्ष रेप बेनी थॉम्पसन को बताया कि व्हाइट हाउस के पूर्व मुख्य रणनीतिकार मामले पर अपनी गवाही देने के लिए तैयार हैं।

### चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त नौसैनिक अभ्यास शुरू किया

बीजिंग। चीन और पाकिस्तान ने रविवार को शंघाई के तट पर चार दिवसीय संयुक्त समुद्री अभ्यास शुरू किया। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) नौसेना और पाकिस्तान नौसेना जुलाई के मध्य में शंघाई से दूर समुद्री और हवाई क्षेत्रों में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास सी गार्डियन -2 आयोजित करेंगे। पीएलए नौसेना के एक प्रवक्ता लियू वेन्शेंग ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी । ग्लोबल टाइम्स ने लियू के हवाले से कहा, समुद्री सुरक्षा खतरों से संयुक्त रूप से निपटने के लिए इस अभ्यास में समुद्री लक्ष्यों के खिलाफ संयुक्त हमले, संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यास, संयुक्त पनडुब्बी रोधी युद्ध और क्षतिग्रस्त जहाजों के लिए संयुक्त प्रशिक्षण इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। लियू ने कहा कि अभ्यास का लक्ष्य रक्षा सहयोग बढ़ाना, पेशेवर और तकनीकी आदान-प्रदान करना, दोनों देशों और दोनों नौसेनाओं के बीच पारंपरिक दोस्ती को गहरा करना और चीन और पाकिस्तान के बीच हर मौसम में रणनीतिक सहकारी साझेदारी के विकास को बढ़ावा देना है।

### सिडनी हार्बर ब्रिज पर स्थायी रूप से लहराए आदिवासी ध्वज

कैनबरा। पांच साल के अभियान के बाद आखिरकार वह वक्त आ गया, जब ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिष्ठित स्थलों में से एक सिडनी हार्बर ब्रिज पर आदिवासी ध्वज स्थायी रूप से लहराएगा। द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य सरकार ने रविवार को सिडनी हार्बर ब्रिज पर एक तीसरा फ्लैगपोल स्थापित करने की योजना को छोड़ दिया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित लैंडमार्क पर आदिवासी ध्वज को स्थापित करके एनएसडब्ल्यू के रंगों को बदल दिया गया। आमतौर पर पुल में ऑस्ट्रेलियाई और एनएसडब्ल्यू दोनों झंडे दिखाई देते हैं। पहले हालांकि पूरे साल में कुछ दिन ही राज्य ध्वज को फहराया जाता था। इससे पहले सरकार ने घोषणा की थी कि वह पुल में आदिवासी ध्वज को स्थापित करने के लिए एक नया पोल जोड़ेगी। सरकार ने बताया कि था कि इसमें दो साल का समय लगेगा और 2.5 करोड़ डॉलर की लागत आएगी। एनएसडब्ल्यू के प्रधान डोमिनिक पेरोटेट ने कहा कि प्रारंभिक योजना उन पहलों पर खर्च करने का है, जिसके तहत आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट आइलैंड के लोगों को होने वाली परेशानियों को कम किया जाना है।

## आक्रामकता का मंत्र, भुवनेश्वर की फ़ॉर्म और सूर्यकुमार की निरंतरता भारत के काम आई

**एजेंसी**

नाटिंघम। टी20 अंतर्राष्ट्रीय में बल्लेबाज़ी के लिए भारत के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। हालांकि यह पूरा नहीं हुआ है, उन्होंने बस शुरुआत की है। टी20 आई सीरीज़ 2-1 से जीतने के अपने तरीक़े से भारत ने इंग्लैंड को हराकर एक साहसिक आह्वान किया है। 2015 विश्व कप में बाहर होने के बाद इंग्लैंड ने सफ़ेद गेंद क्रिकेट के अपने तरीक़े को पूरी तरह से बदल दिया था। अब उसी नो रिस्क, नो रिवार्ड के कंसेप्ट को आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने अपना लिया है।

बल्लेबाज़ी का नया दृष्टिकोण: दो बार भारत ने पहले बल्लेबाज़ी की। साउथैंप्टन में पहले छह ओवरों में उन्होंने दो विकेट पर 66 रन बनाए, जबकि एजबेस्टन में एक विकेट पर 61 रन। दो ऐसे बल्लेबाज़ जिन्होंने पारी को बुनकर अपना करियर बनाया है रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ही इस दृष्टिकोण का नेतृत्व किया। जबकि कोहली रन नहीं बना सके लेकिन उनके तरीक़ों ने टीम के बदलाव के नए मंत्र को रेखांकित किया।

उसी तरह से ऋषभ पंत का ओपनिंग करना कुछ नया बदलाव नहीं था। उन्होंने आयु वर्ग क्रिकेट में ओपन करके ही एक अलग पहचान बनाई थी। यह उनके पहले से ही मज़बूत खेल को और अधिक विकल्प देते हुए




एक अच्छा क़दम था। दोनों ही मैचों में जितने भी बल्लेबाज़ आए उन्होंने नए मंत्र के मुताबिक बल्लेबाज़ी की।

यह सब एक स्पष्ट भूमिका की वजह से हुआ। कोहली को ओपनिंग नहीं कराई गई जिससे वे फ़ॉर्म में चल रहे मध्य क्रम को अपने पहले टी20 मैच से अछूता रख सकें। ऐसा कोई साफ़ संदेश नहीं हो सकता था कि टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोल देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और ना ही छोटे समय की सफलता के लिए रोल दिए गए।

सबसे आगे सूर्यकुमार-यहां पर कोहली, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक थे। यह मुमकिन है इन पांच में से केवल तीन ही खेल सकते हैं। उनको अब दो कर लीजिए क्योंकि सूर्यकुमार यादव ने अपनी जगह पक्की कर ली है। वह पहली ही गेंद से गेंद को मार सकते हैं और एक ही लेंथ की गेंद को मैदान के किसी भी कोने में भेजकर वह गेंदबाज़ों को परेशान कर सकते हैं। जैसा कि उन्होंने आख़िरी टी20 में शतक लगाकर दिखाया भी जहां भारतीय टीम 216 रनों का पीछा कर रही थी। कई मायनों में इस नए बल्लेबाज़ी दृष्टिकोण में सटीक बैठने के लिए सूर्यकुमार को ज़्यादा समायोजन नहीं करने पड़े।

भुवनेश्वर की वापसी: दो साल पहले भुवनेश्वर कुमार ख़राब फ़ॉर्म और फ़िटनेस से जूझ रहे थे। उन्होंने मैदान से ज़्यादा समय रिहैब में बिताया। उनकी गति कम हो गई थी और उनकी स्विंग भी गायब हो गई थी। इसी कौशल की वजह से दीपक चाहर को सफलता मिलने लगी। उन्होंने अच्छी गति से गेंदबाज़ी की और निचले क्रम पर बल्लेबाज़ी की और भारत को एक अच्छा मैच जिताया भी, लेकिन चाहर की चोटों ने भुवनेश्वर के लिए दोबारा से दरवाज़े खोल दिए और उन्होंने इसको भुना लिया।

## क्रॉसओवर मैच में स्पेन से 0-1 से हारकर भारत विश्व कप से बाहर

एम्स्टलवीन। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2022 में अपने क्रॉसओवर मैच में मेजबान स्पेन से 0-1 से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को यह मैच जीतना हर हाल में जरूरी था। लेकिन अंतिम मिनटों के गोल ने भारत की उम्मीदें तोड़ दीं।

इससे पहले भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व कप के अपने तीसरे मैच में न्यूजीलैंड से हार गई थी। न्यूजीलैंड ने 4-3 से यह मैच जीता था। इस तरह टीम इंडिया ग्रुप-बी में एक भी मैच नहीं जीत पाई। इससे पहले भारतीय टीम इंग्लैंड और चीन के खिलाफ मैच को ड्रॉ ही कर पाई थी। दोनों मुकाबलों में स्कोर 1-1 था।

क्वार्टरफाइनल में सीधे प्रवेश के लिए भारत को स्पेन से क्रॉस ओवर मुकाबला हर हाल में जीतना था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार 16 टीम को चार-चार टीम के चार पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच क्रॉसओवर होगा। चार क्रॉस ओवर मैचों के विजेता क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगे।स्पेन का क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

भारत को स्पेन के 3 के मुकाबले 4 पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम इनमें से एक को भी गोल में नहीं बदल सकी। टीम पूरे टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला नहीं जीत सकी।

सेगु ने निर्धारित समय खत्म होने से 3 मिनट पहले स्पेन को बढ़त दिलाई। क्लारा वाईकार्ट के शॉट को सविता ने रोका दिया, लेकिन रिबाउंड पर सेगु ने गेंद को गोल में पहुंचा दिया। स्पेन के लिए अंतिम कुछ मिनट काफी दबाव वाले रहे। गार्सिया को पीला कार्ड और सेगु को हरा कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम को 9 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। 2 खिलाड़ी अधिक होने के बावजूद भारतीय टीम मौके का फायदा उठाकर गोल करने में नाकाम रही और पदक की दौड़ से बाहर हो गई।

## जम्मू में अर्जुन अवार्डी कृपाशंकर ने फिटनेस जिम-स्पा और नेल आर्ट का किया उद्घाटन

जम्मू। पूर्व कैबिनेट मंत्री सत शर्मा ने वार्ड नंबर 24 की कार्पोरेटर अनु बाली और वार्ड नंबर 25 की कार्पोरेटर अरुण खन्ना और प्रसिद्ध अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित कुश्ती कोच कृपाशंकर बिश्नोई ने आरजी फिटनेस जिम-स्पा और आरजी नेल आर्ट का भव्य उद्घाटन किया। समारोह में सत शर्मा ने टीम को शुभकामनाएं दी और कहा कि निकट भविष्य में भी इस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए क्योंकि इस तरह की सुविधाएं समय की जरूरत है। हर चीज एक ही जगह मिल सकती है। कृपाशंकर बिश्नोई प्रसिद्ध पहलवान और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के प्रसिद्ध कोच अर्जुन अवार्डी हैं जिन्होंने आमिर खान को फिल्म दंगल के लिए प्रशिक्षित किया है, ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और टीम को शुभकामनाएं दीं। लोकल कार्पोरेटर अनु बाली भी मौजूद थीं। उन्होंने टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह के कदम समय की जरूरत है और युवाओं को अवसर मिलेगा।

## शानदार शतक लगाकर सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप की दावेदारी को मज़बूत किया



नाटिंघम। बचपन में हम सभी ने एक अदृश्य बल्ले के साथ कई अजीबोगरीब शॉट लगाने की कोशिश की हैं। हालांकि फिर हम बड़े हुए और हमें समझ आया कि इस तरह से शॉट लगाना कितना कठिन और असंभव है। साथ ही गेंदबाज़ प्रयास करता है कि आप उस दिशा में शॉट लगाए जहां फ़ील्डर पहले से ही तैनात हो।

ट्रेंट ब्रिज में सूर्यकुमार यादव हमारे अंदर छिपे बच्चे की तरह खेल रहे थे और मैदान के चारों तरफ़ हैरतअंगेज़ शॉट लगा रहे थे। यह तो सब जानते है कि आप अजीब पोज़िशन में आए बिना लेग स्टंप की फ़ुल गेंद को प्वाइंट के पीछे छक्के के लिए नहीं भेज सकते हैं। हालांकि सूर्यकुमार ने हल्का सा रूम बनाया, बैकफ़ुट को नीचे झुकाया, बल्ले का चेहरा खोला और अंतिम समय पर कलाइयों को मोड़ते हुए गेंद को डीप प्वाइंट फ़ील्डर से दूर भेजा।

क्रिस जॉर्डन की वह गेंद सीमा रेखा के बाहर जाकर गिरी। अगर उस गेंद पर सूर्यकुमार फ़्रंटफ़ुट पर आते तो शायद यॉर्क हो जाते। वह फ़ील्ड के अनुसार डाली गई सटीक गेंद थी लेकिन सूर्यकुमार ने जगह बनाते हुए उसे दर्शकों के बीच भेजा।

सिर्फ़ इतना ही नहीं। इससे पहले रिचर्ड ग्लीसन के विरुद्ध उन्होंने कवर प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़ा। शुरुआत में डेविड विली की गेंद पर स्वीप लगाई, जॉर्डन की सटीक शॉर्ट ऑफ़ लेंथ गेंद को एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से ड्राइव किया गया और लियम लिविंगस्टन की छोटी लेग ब्रेक गेंद को शॉर्ट फ़ाइन लेग के सिर के ऊपर भेजा गया।

यह सब नेट में या अभ्यास के दौरान नहीं बल्कि 216 के लक्ष्य का पीछा करते हुए किया गया जिसमें सूर्यकुमार के अलावा किसी भारतीय बल्लेबाज़ ने 28 से ज़्यादा रन नहीं बनाए। 55 गेंदों का सामना करते हुए सूर्यकुमार ने 117 रन बनाए जिसमें केवल पांच बार वह नियंत्रण में नहीं थे। इससे कम ग़लतियों के साथ अब तक केवल पांच ही शतक बनाए गए हैं और उनमें से भी केवल तीन पारियों में कुल स्ट्राइक रेट 200 से अधिक था।

इस पारी में सूर्यकुमार ने बल्लेबाज़ी करने की तकनीक को चुनौती दी। ऋषभ पंत की तरह विकेट के पीछे शॉट लगाने के लिए आपको जोखिम लेना पड़ता है। सूर्यकुमार ने इतनी आसानी के साथ वह शॉट लगाए और तेज़ गति से रन बटोरे।

## श्रीलंका : प्रदर्शनकारियों ने रखी शर्त- बताया कब छोड़ेंगे राष्ट्रपति भवन, पीएम आवास

नई दिल्ली। भीषण आर्थिक और राजनीतिक संकट से गुजर रहे श्रीलंका में स्थिति तब और भयावह हो गई जब शनिवार को प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करते हुए उनके आधिकारिक आवास में भी घुस गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के आवास पर भी उन्होंने धावा बोल दिया। तभी से प्रदर्शनकारी इन दोनों जगहों पर डटे हुए हैं। इसी बीच प्रदर्शनकारियों ने शर्त रखते हुए बताया कि वे यहां से कब निकलेंगे।

दरअसल, श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में प्रदर्शनकारी लगातार दूसरे दिन राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री के कार्यालयों पर कब्जा जमाए हुए हैं। अलजजीरा ने प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे समूहों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि उन्होंने कसम



खाई है कि वे तब तक यहां रहेंगे जब तक कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आधिकारिक तौर पर इस्तीफा नहीं दे देते।

प्रदर्शनकारियों की इस मांग के इतर प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे की तरफ से बताया गया है कि नई सरकार बनने के बाद वह पद छोड़ देंगे, जबकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को बताया कि वह 13 जुलाई को इस्तीफा दे देंगे लेकिन इसके बावजूद भी प्रदर्शनकारी तब तक हिलने से इनकार कर रहे हैं जब तक कि दोनों नेता आधिकारिक तौर पर अपने पद नहीं छोड़ देते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक एक छात्र नेता लाहिरू वीरशेखर ने कहा है कि हमारा संघर्ष खत्म नहीं हुआ है, हम इस संघर्ष को तब तक नहीं छोड़ेंगे जब तक कि वे वास्तव में नहीं चले जाते हैं। प्रदर्शन में शामिल एक नाटककार रुवांथी चिकेरा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति को इस्तीफा देना होगा, प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना होगा और सरकार को जाना होगा।

राष्ट्रपति के आवास के अंदर एक प्रदर्शनकारी ने अलजजीरा को बताया कि मैं यहां इसलिए हूं क्योंकि हमें यह पता लगाना है कि उन्होंने हमारे टैक्स के पैसे से किस तरह की चीजें की हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि राजनेताओं को लोगों की शक्ति को समझना चाहिए। जाफना विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी अहिलन कादिरगामार ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को पूरे देश में लोगों का समर्थन प्राप्त था, जो सरकार की कठोर आर्थिक परिस्थितियों से हिल चुके थे।

इन सबके बीच उधर नई सरकार पर सहमति के लिए विपक्षी दल रविवार को राजधानी में बैठक कर रहे थे। फिलहाल अब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। शनिवार को प्रदर्शनकारियों के हिंसक होने के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे अपने आधिकारिक आवास से भाग निकले थे। वे कहां गए हैं, इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

### आबे के निधन पर शोक व्यक्त करने जापान पहुंचे ब्लिंकन

टोक्यो। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के निधन पर शोक व्यक्त करने सोमवार को जापान पहुंचे। ब्लिंकन योकोटा सैन्य हवाई अड्डा पर बोलते हुए कहा, मैंने अपने जापानी सहयोगियों के साथ नुकसान की भावना, सदमे की भावना को साझा किया, जिसे हम सभी महसूस करते हैं, अमेरिकी लोग इस भयानक त्रासदी और हत्या को लेकर महसूस करते हैं। श्री आबे अपने कार्यकाल के दौरान दोनों देश (जापान-अमेरिका) के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले गए। उन्होंने कहा, जैसा कि मैंने अपने सहयोगियों को बताया कि हमने उनमें (श्री आबे) कुछ अलग देखा। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जो उस दृष्टि को महसूस करने की क्षमता रखते थे। मैं यहां राष्ट्रपति के आदेश पर आया हूं क्योंकि सहयोगियों से अधिक हम दोस्त हैं। जब एक दोस्त दर्द से कराह रहा होता है, तो अन्य दोस्त उसके साथ हमदर्दी दिखाते हैं।

## जो बाइडेन ने सुप्रीम कोर्ट को बताया आउट ऑफ कंट्रोल

**अमेरिकी महिलाओं से की यह अपील**

**एजेंसी**

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सुप्रीम कोर्ट को आउट ऑफ कंट्रोल बताया है। बाइडेन ने कहा कि संघीय कानून ने गर्भपात के अधिकारों को बहाल करने का रास्ता दिखाया है। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से SC की अवहेलना में प्रो-च्वाइस विधायकों को जिताने की अपील की।

महिलाओं के प्रजनन अधिकारों की रक्षा के लिए सख्त लाइन लेने के दबाव में बाइडेन ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य गर्भपात तक पहुंच को कम करना है। जबकि, बाइडेन ने गर्भावस्था को समाप्त करने के संवैधानिक अधिकार को हटाने के अदालत के



फैसले को भयानक बताया था।

### मतपेटी के जरिए दी जाएगी जोरदार प्रतिक्रिया

गर्भपात ऐसा मामला है, जिस पर पैंतरेबाजी की गुंजाइश सीमित है। बाइडेन ने कहा कि सबसे प्रभावी प्रतिक्रिया नवंबर के मध्यावधि चुनावों में मतपेटी के जरिए दी जाएगी, जिससे विधायिका का नियंत्रण उनके पास होगा। उन्होंने खासतौर से अमेरिकी महिलाओं से अपील करते हुए कहा, वोट, वोट, वोट... हमारे पक्ष में मतदान कीजिए।

### SC ने रो बनाम वेड फैसले को बदला

गौरतलब है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 24 जून को गर्भपात के लिए संवैधानिक संरक्षण को समाप्त कर दिया था। अदालत का फैसला अधिकतर अमेरिकियों की इस राय के विपरीत था कि 1973 के रो बनाम वेड फैसले को बरकरार रखा जाना चाहिए, जिसमें कहा गया था कि गर्भपात कराना या न कराना, यह तय करना महिलाओं का अधिकार है। इससे अमेरिका में महिलाओं को सुरक्षित गर्भपात का अधिकार मिला था।

### श्रीलंका में हो सकता है राष्ट्रपति चुनाव 20 को

कोलंबो। ब्रिटेन से 1948 में आजादी मिलने के बाद श्रीलंका वर्तमान में सबसे भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहा है। श्रीलंका में मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया है और यदि राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे बुधवार को इस्तीफा दे देंगे, तो राष्ट्रपति का चुनाव 20 जुलाई को होगा। पूर्व मंत्री विजेदासा राजपक्षे ने सोमवार को कहा कि यदि राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफा के बाद सर्वदलीय सरकार के गठन का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए संसद की बैठक के बाद 15 जुलाई को नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन को 19 जुलाई तक स्वीकार किया जाएगा तथा यदि जरूरत पड़ी, तो 20 जुलाई को मतदान होगा। यह तभी संभव हो सकता है, जब श्री राजपक्षे बुधवार को अपना पद से इस्तीफा दे देंगे।

### जापान के सर्वोच्च सम्मान से नवाजे जाएंगे आबे

टोक्यो। जापान सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को देश के सर्वोच्च सम्मान 'द कलर ऑफ द सुप्रीम ऑर्डर ऑफ द क्रिसंथेमुम' से नवाजा जाएगा। जापान के क्योडो न्यूज ने कैबिनट कार्यालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि श्री आबे संविधान लागू होने के बाद श्री शिगेरू योशिदा, इसाकु सातो तथा यासुहिरो नाकासोन के बाद इस सम्मान को पाने वाले जापान के चौथे प्रधानमंत्री हैं। उल्लेखनीय है श्री आबे की आठ जुलाई को नारा में प्रचार के दौरान नौसेना के पूर्व सैनिक ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### जापान के सत्तारूढ गठबंधन ने चुनाव जीता

टोक्यो। जापान की सत्तारूढ़ पार्टी ने रविवार को हुए हाउस ऑफ काउंसलर के चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की है। क्योडो न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने देश में सघर्ष के बावजूद अपने नौ माह पुराने प्रशासन के प्रदर्शन से जनता उत्साहित है। उन्होंने 125 सीटों में से आधे से अधिक 63 सीटों पर जीत हासिल की है। यूक्रेन रूस के बीच युद्ध के कारण देश में वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि और सुरक्षा खतरों के बावजूद सत्तारूढ़ दल को यह प्रचंड़ जीत मिली है। एलडीपी और उसके गठबंधन सहयोगी कोमितो को कुल 76 सीटें मिली है। इस प्रकार 248 सदस्यों वाले संसद के ऊपरी सदन में उसने बहुमत बरकरार रखा है। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार संविधान समर्थक संशोधन कैम्प में एलडीपी-कोमितो गठबंधन, दो विपक्षी दल और निर्दलीय शामिल है। जिसको ऊपरी सदन में 179 सीटें मिली है। एलडीपी सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सितंबर तक मंत्रिमंडल और सत्ताधारी पार्टी के कार्यकारणी की शक्तियों में फेरबदल कर सकते हैं।निचले सदन के सदस्य और एलडीपी प्रमुख पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के बावजूद रविवार को चुनाव हुआ था। गौरतलब है कि नारा में आठ जुलाई को एलडीपी के समर्थन में भाषण देने के दौरान श्री आबे को नौसेना के पूर्व सैनिक ने गोली मार दी गई थी। श्री आबे को डॉक्टरों ने बचाने का पूर्ण प्रयास किया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

### दक्षिण. कोरिया में कोरोना के 12,693 नए मामले दर्ज

सोल। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 12693 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,85,24,538 हो गयी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और निवारण एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार, कोरिया में दैनिक सक्रिय मामले रविवार को 20410 से कम था लेकिन एक सप्ताह से 6249 मामलों में वृद्धि हुई है। पिछले एक हफ्ते में, दैनिक मामलों की कुल संख्या 18,388 पायी गयी थी। स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, कोरोना के नए मामलों में से 180 मामले विदेशों से आए यात्री संक्रमित थे, जिससे कुल मामले बढ़कर 37,358 हो गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कोरोना के कुल मामलों में से 71 मरीजों की हालत गंभीर है और इसी अवधि में 18 मरीजों की मृत्यु होने से मृतकों की संख्या 24,661 हो गई। कुल मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# किस तरह के बर्तन में खाना पकाते हैं या खाते हैं आप

किचन के खाने से पूरी फैमिली की सेहत जुड़ी होती है इसलिए खाना बनाते वक्त साफ-सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है लेकिन क्या आप जानती है कि खाना बनाने वाले बर्तनों में भी परिवार की हेल्थ डिपेंड करती है। इस बात पर ध्यान देने की बहुत जरूरत होती है कि हम किस तरह के बर्तन में खाना पकाते हैं या खाते है। आइए जानते हैं कि खाना पकाने के लिए किस तरह के बर्तनों का इस्तेमाल करना चाहिए-

## पीतल

पीतल के बर्तनों में खाना पकाना एवं खाना आमतौर पर पुराने समय में ज्यादा किया जाता था। यह नमक और अम्ल के साथ प्रतिक्रिया करता है, इसलिए खट्टी चीजों का या अधिक नमक वाली चीजों को इसमें पकाना या खाना नहीं चाहिए, वरना फूड पॉइजनिंग हो सकती है।

## तांबा

तांबे के बर्तनों का इस्तेमाल भी पुराने जमाने से ही किया जाता रहा है और यह भी पीतल की तरह ही अम्ल और नमक के साथ प्रतिकिया करता है। कई बार पकाए जा रहे भोजन में मौजूद ऑर्गेनिक एसिड बर्तनों के साथ रिएक्शन कर ज्यादा कॉपर पैदा कर सकते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाता है।

## स्टेनलेस स्टील

स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल आज के समय में काफी चलन में है। यह एक मिक्स धातु है जो लोहे में कार्बन, क्रोमियम और निकल मिलाकर बनाई जाती है। इसमें खाना पकाने या बनाने में सेहत को कोई नुकसान नहीं होता। इन बर्तनों का तापमान बहुल जल्दी बढ़ता है।

## एल्युमीनियम

एल्युमीनियम के बर्तनों का इस्तेमाल लगभग हर घर में होता ही है। गर्मी मिलने पर एल्युमीनियम के अणु जल्दी सक्रिय होते हैं और एल्युमीनियम जल्दी गर्म होता है। एल्युमीनियम के बर्तन में खाना पकाना हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता। यह भी एसिड के साथ बहुत जल्दी रिएक्शन करता है, इसलिए इसमें खटाई जैसे अचार, नींबू जैसी चीजों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।


## लोहा

भोजन पकाने और खाने के लिए लोहे के बर्तनों का इस्तेमाल हर तरह से फायदेमंद होता है। इन बर्तनों में पकाए गए भोजन में आयरन की मात्रा अपने आप बढ़ जाती है और आपको उसका भरपूर पोषण मिलता है। आमतौर पर सभी को आयरन की जरूरत होती है और महिलाओं के लिए खास तौर पर आयरन बहुत फायदेमंद होता है।

## नॉन स्टिक

नॉन स्टिक का मतलब है, ना चिपकने वाला। ऐसे बर्तन जिनमें खाना चिपकता नहीं है और पकाने के लिए अधिक तेल या घी की जरूरत भी नहीं होती लेकिन इन बर्तनों को ज्यादा गर्म या खरोंच ना लगाएं, इससे इनमें कई ऐसे केमिकल निकलते हैं जो सेहत को नुक्सान पहुंचाते हैं।





आज के समय में हर महिला अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती है। यह एक्सपेरिमेंट सिर्फ कपड़ों या स्टाइल तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि मेकअप में भी बदलाव करके एक नया लुक पाया जा सकता है। शायद यही कारण है कि हर महिला की मेकअप किट में कई तरह के कलर्स आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप भी इस बार पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए डार्क लिपस्टिक लगाने का मन बना रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखे

# डार्क लिपस्टिक लगाने से पहले रखें ध्यान

## लिप्स को करें तैयार

होंठों का फटना एक आम समस्या है। इसलिए अगर होंठ ड्राई या फटे हैं तो पहले उसे एक्सफोलिएट करें। इसके लिए शहद में कुछ बूंदें नारियल तेल व एक चम्मच चीनी डालकर मिक्स करें और उसे होंठों पर लगाकर हल्के हाथों से रब करें। करीबन पांच मिनट बाद ठंडे पानी से होंठ साफ करें।

## ऐसे करें शुरूआत

होंठों पर लिपस्टिक लगाने से पहले लिप प्राइमर लगाना जरूरी है। यह आपके लिप्स को एक बेस देते हैं। अगर आप चाहें तो लिप बाम की एक पतली सी लेयर भी लगा सकती हैं। इसके बाद फेस मेकअप करें। जब यह लिप बाम सूख जाए, तो टिश्यू पेपर की मदद से अतिरिक्त बाम को हटाएं और फिर डार्क लिपस्टिक अप्लाई करें।

## लिप ब्रश का इस्तेमाल

लिपस्टिक अप्लाई करते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद आवश्यक होता है, फिर चाहे आप लाइट लिपस्टिक लगाएं या डार्क। कभी भी लिपस्टिक को सीधे न लगाएं, बल्कि इसके लिए लिपब्रश का प्रयोग करें। ऐसा करने से होंठों के अंत पर भी लिपस्टिक बिना फैले हुए बेहद आसानी से लग जाती है। इतना ही नहीं, लिपब्रश की मदद से लिपस्टिक लगाने के पश्चात होंठों को एक नई डेफिनेशन मिलती है।

## इसका रखें ध्यान

यह अवश्य सुनिश्चित करें कि वह आपकी स्किन टोन को कॉम्पलिमेंट करता हो।



# तो ये ट्रिक्स अपनाकर बच्चे के स्मार्ट पेरेंट्स बन सकते हैं आप

**आज के किड्स बहुत स्मार्ट हैं। उन्हें कुछ सिखाने या बताने की जरूरत नहीं होती। उनकी यही स्मार्टनेंस पेरेंट्स के लिए अनेक मुश्किलें खड़ी कर देती है, जिन्हें हैंडल करना उनके लिए आसान नहीं होता। यदि आप चाहें तो कुछ ट्रिक्स अपनाकर अपने बच्चे के स्मार्ट पेरेंट्स बन सकते हैं।**

## बच्चों की फिजूलखर्ची

आजकल के बच्चों की फरमाइशें इतनी हैं तो मा-बाप उनकी फिजूलखर्ची से परेशान हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए को वह बच्चे को बचपन से ही सेविंग्स की आदत डालें, ताकि वह अपनी पसंद की चीज खुद खरीद सकें। उन्हें अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा पिग्गी बैंक में जमा करने के लिए कहें। साथ ही बच्चों को पैसों की बैल्यू समझाएं और उन्हें कहें कि वह जरूरत पड़ने पर ही पैसे खर्च करें।

## टैक्नोलॉजी के शिकार

टैक्नेलॉजी के बढ़ते प्रभाव से बच्चे भी अछूते नहीं है। वे अपने पेरेंट्स को जैसा करते देखते हैं वैसा ही करते हैं। यदि पेरेंट्स टैक्नो एडिक्ट होंगे तो बच्चे भी टैक्नो एडिक्ट ही बनेंगे। इसके लिए जरूरी है कि बच्चों को टीव़ी, लैपटॉप, स्मार्टफोन और टैबलेट का इस्तेमाल निर्धारित समय सीमा तक ही करने दें।

स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप पर पासवर्ड लगाकर रखें और कुछ दिन बार पासवर्ड बदलते रहें।

डिनर, पूजा और फैमिली गैदरिंग के समय उन्हें टीव़ी, लैपटॉप, कम्प्यूटर और मोबाइल से दूर रखें।

बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं और उन्हें वीकेंड में आउटिंग या पिकनिक के लिए ले जाएं।

## जब बच्चे हर बात के लिए कहे ना

आजकल बच्चे अपने पेरेंट्स के मुंह पर ही काम करने से मना कर देते हैं। कई बार तो वह यह भी नहीं देखते थे पेरेंट्स थक गए हैं और काम करने से सीधा मना कर देते हैं। ऐसे में उन्हें डांटने या मारने की बजाए प्यार से बात करें और बड़ों का आदर करना सिखाए। इससे वह आरास से आपका कहना मानेंगे।

## जब बच्चों पर हो पीयर प्रैशर

बचपन से ही बच्चों में पीयर प्रैशर का असर दिखना शुरू हो जाता है। 11-15 साल के बच्चों पर दोस्तों का दबाव अधिक होता है लेकिन पेरेंट्स इस प्रैशर को समझ नहीं पाते। हालांकि इसका सकारात्मक प्रभाव भी होता है, जैसे कि बच्चा एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टीविटीज में भाग लेने लगता है। मगर कई बार इसका बच्चे इसकी वजह से झूठ, चोरी और स्मोकिंग और क्लास बंक करना जैसी गलत आदतों के आदि हो जाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि वो बच्चों को सही राह दिखाएं।

बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें, ताकि वह अपनी हर बात आपसे शेयर करें।

उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा दें तथा उन्हें मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें।

उनके दोस्तों के बारे में पूरी जानकारी रखें।

बच्चों के व्यवहार में कोई बदलाव महसूस होने पर तुरंत उनके टीचर्स और दोस्तों से मिलें। इस बारे में उनसे बात करें।





# खूबसूरती ही नहीं घर में सुख-शांति बढ़ाने का काम भी करता है आइना

आइना सिर्फ चेहरा देखने के लिए बल्कि घर की खूबसूरती बढ़ाने का काम भी करता है। मगर आइना अगर वास्तु के हिसाब से लगा हो घर में सुख-शांति बढ़ाने का काम भी करता है। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि घर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ाने के लिए किस आकार, साइज और दिशा में शीशा रखना चाहिए।

## पैसों के किल्लत दूर करने के लिए

पैसों की तंगी दूर करने के लिए घर की दक्षिण दिशा में एक बड़ा गोल दर्पण लगाएं। इससे ना सिर्फ पैसों की किल्लत दूर होगी बल्कि यह घर में पॉजिटिव एनर्जी भी बढ़ाएगा।

## सुख-शांति बनाए रखने के लिए

वास्तु के अनुसार, घर की उत्तर दिशा में आइना लगाने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और इससे परिवार के सदस्यों में लड़ाई-झगड़ें भी नहीं होती। इसके लिए आप उत्तर दिशा में अंडाकार शीशा लगाएं।

## कपल्स के लिए

बेड के सामन दर्पण नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे पति-पत्नी के रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। बेडरूम में शीशा ऐसी जगह लगाएं, जहां से इसमें बेड ना दिखे। आप बेडरूम की दक्षिण में तिकोना आइना लगा सकते हैं।

## मुख्य दरवाजा

कभी भूलकर भी घर के मुख्य द्वारा पर शीशा ना रखें। ऐसा करने से घर में नाकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ ही मुख्य दरवाजे पर कोई चमकदार चीज भी ना रखें

## बाथरूम में इस दिशा में लगाएं आइना

जिन लोगों का बाथरूम दक्षिण या पश्चिम दिशा में है उनको उत्तर दिशा में वर्गाकार आइना लगाना चाहिए। ऐसा करने से बाथरूम का वास्तुदोष खत्म हो जाएगा।

## घर में ना रखें टूटा हुआ आइना

घर में कभी-भी टूटा हुआ शीशा नहीं रखना चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। साथ ही इससे परिवार क बीच झगड़े भी होने लगते हैं।

## शीशे के शो-पीस

शीशे के शो-पीस को या एक्वेरियम को हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में ही लगाएं। इस दिशा में आइना या शो-पीस लगाने से घर में साकारात्मक ऊर्जा का वासा होगा।

